तापमान
अधिकतम 41.3 डिग्री
न्यूनतम 28.1 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 10 जून 2025

13 मारपीट के वायरल वीडियो में शामिल लड़कियां सेक्स रैकेट...

14 बंगाल की खाड़ी में बना राहत का सिस्टम, गुरुवार से व्यापक...


## 10वीं, 12वीं व स्नातक पास विद्यार्थियों के लिए फायर एवं इंडस्ट्रियल सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.

## खबर संक्षेप

### भाटिया की रिमांड तीसरी बार बढ़ी

**रायपुर।** दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किए गए कारोबारी विजय भाटिया की ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत ने तीसरी बार पुलिस रिमांड बढ़ाए जाने फैसला सुनाया है। सोमवार को रिमांड समाप्त होने के बाद ईओडब्ल्यू ने भाटिया को स्पेशल कोर्ट में पेश किया। जहां ईओडब्ल्यू के वकील ने विजय भाटिया की 16 जून तक रिमांड देने मांग की। कोर्ट ने ईओडब्ल्यू के आवेदन पर तीन दिन की रिमांड स्वीकर करते हुए 12 जून तक रिमांड पर दिया।

### ट्रैफिक एएसपी ने ली बस संचालकों की बैठक



**रायपुर।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार करने के उद्देश्य से एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर ट्रैफिक एएसपी डॉ. प्रशांत शुक्ला सहित अन्य ट्रैफिक पुलिस अफसरों ने सोमवार को बस संचालकों की बैठक ली। बैठक में बस ऑपरेटरों को निर्धारित बस स्टापेज पर ही यात्री बैठाने के साथ उतारने के निर्देश दिए गए। साथ ही बस स्टॉपेज के छोड़ अन्य स्थानों में बुकिंग काउंटर खोले होने की स्थिति में वहां किसी भी प्रकार के बसों का स्टापेज नहीं करने निर्देश दिए गए। लंबी दूरी की बसों के लिए सवारियों के छोड़ अन्य लोगों के माल परिवहन नहीं करने निर्देश दिए गए। निर्देशों का उल्लंघन करने पर ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### धक्का देने के विवाद पर चाकू से हमला, नाबालिग समेत 4 गिरफ्तार



**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पिछले सप्ताह बुधवार को धक्का देने के विवाद पर मजदूर पर चाकू से हमला करने के आरोप में पुलिस ने नाबालिग सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। संतोष राय की शिकायत पर पुलिस ने शुभम करवा, काहुल मिश्रा, सूरज जाल तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। संतोष ने शिकायत दर्ज कराई थी कि करेंसी टावर के पास अज्ञात चार लड़कों में से एक लड़के ने उसे जानबूझकर धक्का दिया। विरोध करने पर बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला किया और मौके से फरार हो गए थे। पुलिस बदमाशों का जुलूस निकालकर कोर्ट पैदल लेकर पहुंची।

गम में डूबा रायपुर, मंत्री, अफसरों के अलावा सैकड़ों पहुंचे, परिजनों का रो रोकर हुआ बुरा हाल

# पिता बोले-आज मेरा बेटा अनमोल सूट पहन कर घर आया है, यह सबको नसीब नहीं होता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंसुओं में डूबे श्री गिरपुंजे ने कहा-मेरा बेटा आज अनमोल सूट पहनकर आया है। आज बड़ा काम करके आया है। आज नहीं डाटूंगा। इतना बोलते हुए गोविंद राव फफक कर रोने लगे। इस दौरान मौके पर उपस्थित परिजनों ने गोविंद राव को शांत कराने की कोशिश की। पिता की बातें सुनकर हर कोई भावुक हो गया।

आकाश राव का पार्थिव शरीर उनके निवास पहुंचा तो अंतिम दर्शन करने लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। आकाश राव को श्रद्धांजलि देने जहां मुख्यमंत्री पहुंचे साथ में वनमंत्री केदार कश्यप भी थे। अपने बेटे को तिरंगा में लिपटा देख गोविंद राव बिलखते हुए कहा बेटा आज अनमोल सूट पहनकर घर पहुंचा है। ऐसा सूट हर किसी को नसीब नहीं होता। पिता की बातें सुनकर मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मियों की आंखे नम हो गई। कई पुलिसकर्मी आंखों से आंसू पोंछते नजर आए।

*एएसपी आकाश राव गिरपुंजे की नक्सली हमले में शहादत से शहर शोक में डूबा हुआ है। नक्सली हमले में शहीद श्री गिरपुंजे के निवास मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहुंचे। सैकड़ों लोग गिरपुंजे के निवास पहुंचे। गम में डूबे शहीद के परिजनों को देख लोगों की आंखे भर आई। बेटे तिरंगे में लिपटा देख पिता गोविंद राव गिरपुंजे दुख की घड़ी में बेटे की शहादत पर गर्वित थे।*

### मुख्यमंत्री साय ने कहा- अंतिम सांसें गिन रहे नक्सली

घटना की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने परिवार का ढांढस बंधाते हुए इस दुःख की घड़ी में उनके साथ खड़े होने की बात कही। मुख्यमंत्री ने नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सुरक्षा बलों को मिल रहे सफलता को लेकर कहा कि राज्य में नक्सलवाद अंतिम सांसे गिन रहा है। इसलिए नक्सलियों ने कायराना हरकत करते हुए आईईडी ब्लास्ट किया। उन्होंने कहा नक्सलियों को खत्म कर देंगे।




**अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे अफसर :** शहीद पुलिस अफसर का मंगलवार को महादेव घाट में अंतिम संस्कार होगा। अंतिम संस्कार में पुलिस विभाग के अफसरों के साथ बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पहुंचेंगे। इस बात को ध्याम में रखते हुए पुलिस विभाग की टीम महादेव घाट मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार की तैयारी के लिए व्यवस्था बनाने पहुंचे और मुक्तिधाम का निगम कर्मियों के माध्यम से सफाई कराई गई है।

### तू...बहुत थका हुआ है आज नहीं डांटूंगा

आकाश परिजनों के साथ सभी लोगों के साथ घुल मिलकर रहता था। परिवार के साथ दोस्तों के सुख दुख में शामिल होने के साथ उनका हौसला बढ़ाता था। सभी के साथ घुलमिल कर रहने और पारिवारिक-सामाजिक व्यक्ति के तौर पर आकाश का सम्मान बहुत था। शहीद आकाश के अंतिम दर्शन करने जो भी पहुंचा वह दुखी नजर आया।

### डीजीपी के साथ पुलिस के आला अफसर पहुंचे

आकाश राव के पार्थिव शरीर घर पहुंचने के बाद उनको श्रद्धांजलि देने राज्य के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, गृह सचिव मनोज पिंगुआ, एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा सहित पुलिस के कई आला अफसर पहुंचे। डीजीपी ने घटना की निंदा करते हुए नक्सलियों को सबक सिखाने की बात कही।

# 629 में सिर्फ 246 ने ही दी ज्वॉइनिंग, गड़बड़ियों की बाढ़

## युक्तियुक्तकरण : जिला शिक्षा कार्यालय में शिकायतों का अंबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युक्तियुक्तकरण की पूर्ण तैयारी जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा समय रहते ना किए जाने का खामियाजा अब शिक्षक भुगत रहे हैं। काउंसिलिंग के पांच दिनों पश्चात भी शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है। जिन 629 शिक्षकों को अतिशेष घोषित करके स्थानांतरित किया गया था, उनमें से सिर्फ 246 ने ही सोमवार तक ज्वॉइनिंग दी थी। शेष का इंतजार किया जा रहा है। इसके अलावा जिला शिक्षा कार्यालय से लेकर लोक शिक्षण संचालनालय तक में शिकायतों का अंबार लगा हुआ है। जिला शिक्षा कार्यालय में सोमवार को दो दर्जन से अधिक शिक्षक अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। ▶▶|शेष पेज 13 पर

- **सीनियर को बना दिया जूनियर, जहां अतिशेष नहीं वहां से भी तबादले**



### जिले से बाहर भेजे गए जीव विज्ञान के 14 शिक्षक

अव्यवस्थाओं का आलम ऐसा है कि रविवार के दिन भी काउंसिलिंग हुई। सूत्रों के अनुसार, जीव विज्ञान के 14 शिक्षकों को रायपुर से बाहर भेज दिया गया है। इनमें से अधिकतर महिलाएं हैं। युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत अतिशेष शिक्षकों को उनके जिले में ही पोस्टिंग देने की बात कही गई थी। ऐसे में इन्हें स्टेट कैडर के दायरे में रखकर अन्य जिलों में भेजा गया है।

### इस तरह की शिकायतें

सोमवार को जिला शिक्षा कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचे एक शिक्षक ने बताया कि उनका नाम अतिशेष में आया है। काउंसिलिंग के दौरान उन्होंने दूसरे विद्यालय का चयन कर लिया, लेकिन बाद में पता चला कि उनके जूनियर का नाम अतिशेष में नहीं रखा गया है। जूनियर का तबादला नहीं हुआ, जबकि उनका कर दिया गया। कई शिक्षक नियुक्तिपत्र नहीं मिलने की शिकायत लेकर भी पहुंचे रहे। एक अन्य शिक्षक को वहां भेज दिया गया, जहां पद ही रिक्त नहीं है। अर्थात शिक्षक को अतिशेष बताकर निकाला गया और दूसरे विद्यालय में अतिशेष बनाकर ही भेज दिया गया।

मठ- मंदिरों के सचिव व ट्रस्टी होंगे इसके सदस्य, जून अंत तक गठन

# जमीन हड़पने और धर्मांतरण से चिंतित प्रदेश के मठ व मंदिर, मिलकर बनाएंगे महाट्रस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भारतमाला प्रोजेक्ट में हुई गड़बड़ियों में रसूखदारों और अफसरों ने मंदिर को भी नहीं बख्शा। जैतूसाव मठ की जमीन का फर्जी ढंग से मुआवजा ले लिया गया। इस घटना से सबक लेते हुए प्रदेश के सभी मंदिरों और मठों ने बड़ा फैसला लिया है। अब प्रदेशभर के मंदिर मिलकर महाट्रस्ट बनाएंगे। गौरतलब है कि भारतमाला प्रोजेक्ट की जद में जैतूसाव मठ की जमीन भी आई थी। ▶▶|शेष पेज 13 पर

### मंदिर प्रबंधन का कहना- ट्रस्टी लगा रहे कोर्ट-कचहरी के चक्कर, प्रभावित हो रही भगवान की सेवा

#### धर्मांतरण के खिलाफ चलाएंगे अभियान



धर्मांतरण के खिलाफ भी महाट्रस्ट प्रभावी कदम उठाएगा। जागरुकता अभियान की शुरुआत की जाएगी। जून के अंतिम सप्ताह में महाट्रस्ट द्वारा रायपुर में भव्य प्रदर्शन करने की तैयारी है। माह के अंत तक मंदिर से जुड़े साधु-संतों के साथ ही पूरे देश एक हजार साधु व नागा साधु रायपुर में एकत्रित होंगे। उनकी उपस्थिति में संगठन के पदाधिकारियों की घोषणा कर राजस्व ▶▶|शेष पेज 13 पर

#### संपत्ति की सुरक्षा बड़ी चुनौती

मठ, मंदिर और ट्रस्ट ही नहीं, कई समाज भी संपत्तियों के कब्जे से परेशान हैं। मठ मंदिरों की संपत्तियों की सुरक्षा हमारे लिए बड़ी चुनौती है। **- महेंद्र अग्रवाल,** सचिव, जैतूसाव मठ

#### जुटेंगे हजारों साधु

मंदिर की संपत्तियों को भू माफियाओं से बचाने की मांग लेकर हजार साधु व नागा साधुओं का विशाल प्रदर्शन रायपुर में होगा। महाट्रस्ट का निर्माण भी होगा ताकि सनातन धर्म आधारित स्कूल का निर्माण मंदिर की जमीनों पर किया जा सके। महाट्रस्ट के गठन और जून में होने वाले प्रदर्शन के लिए सभी प्रमुख मठ मंदिरों से बातचीत की जा रही है। **- हरि वल्लभ अग्रवाल,** अध्यक्ष, दत्तात्रेय मंदिर ट्रस्ट

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™

**निःशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर**

हम आपको सुनने में मदद करने के लिए यहां हैं

दिनांक: 11 जून से 15 जून
समय: बुधवार से शनिवार (प्रातः 10:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक)
रविवार: प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक



▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट
▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)
▶ स्पीच थेरेपी

Google Rating ★★★★★ PHILIPS
9659 455 455

**अंबिकापुर** – मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001)
**भिलाई** – शॉप नंबर- 107-108, इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023)
**बिलासपुर** – शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001)
**बैरन बाजार (रायपुर)** – विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492007)
**धमतरी** – डॉ. सरोज कुमार साहू क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773)
**जगदलपुर** – बिनाका मॉल के सामने, चिलकोट रोड, धरमपुरा, जगदलपुर, छत्तीसगढ़ (494001)
**कोरबा** – मकान संख्या 52 ए, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पास, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे निहारिका रोड, कोसाबाड़ी, कोरबा (495677)
**कचहरी चौक (रायपुर)** – शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)
**शंकर नगर (रायपुर)** – प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004)
**सारंगढ़** – डॉ अनूप अग्रवाल, माँ दुर्गा क्लिनिक, अग्रसेन चौक, पोस्ट ऑफिस के पास, दुर्गा लॉज के नीचे, (496445)
**श्रीनगर, (रायपुर)** – डॉ ओ पी लेखवानी, शुभम् हॉस्पिटल, संध्या पेट्रोल पम्प के पास, गुढ़ियारी रोड, श्रीनगर, रायपुर (492009)

छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

**खबर संक्षेप**




### नवागांव में 17 उपभोक्ताओं को राशन कार्ड वितरित

**आरंग।** आरंग जनपद सदस्य वीरेंद्र गोलू हिरवानी की मौजूदगी में सोमवार को ग्राम पंचायत भवन नवागांव (खपरी) में शिविर लगाकर सेक्टर 27, 28, 29, 30 एवं खपरी में निवासरत 17 हितग्राहियों को नया राशन कार्ड बनाकर दिया गया। साथ ही 11 हितग्राहियों के नवीन राशन कार्ड हेतु आवेदन लिया गया। इस दौरान अनिल टण्डन उपसरपंच, मंजु नेताम पंच सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### महिला बाल विकास विभाग ने रुकवाया नाबालिग का विवाह

**आरंग।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र तहत नवा रायपुर के एक ग्राम में बाल विवाह रुकवाया गया। 9 जून को नाबालिक बालिका के विवाह की तैयारी की सूचना प्राप्त होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग निर्देशन एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई रायपुर के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख), सामाजिक कार्यकर्ता, बाह्य पहुंच कार्यकर्ता, बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी सह पर्यवेक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग, एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के राज्य समन्वयक एवं संबंधित थाने के पुलिस बल के संयुक्त टीम द्वारा मौके पर शपथ पत्र सह पंचनामा तैयार कर बाल विवाह रोकथाम की कार्यवाही करते हुए नाबालिग के माता-पिता को बालिका के वैवाहिक उम्र पूर्ण होने पश्चात ही विवाह संपन्न कराने की समझाइश दी गई। इस मौके पर उपस्थित ग्रामवासियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

### आम, अनार, कटहल व अमरूद के लगाए पौधे

**अभनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नवा रायपुर अटल नगर वेलफेयर एसोसिएशन के सूरज दुबे के नेतृत्व मे सेक्टर-27 स्थित शिवालय परिसर में छत्तीसगढ़ शासन के एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत एक हजार से अधिक पौधे लगाकर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आम, अनार, कटहल, आंवला, अमरूद, पपीता, मुनगा, जामुन जैसे फलदार और औषधीय गुणों वाले पौधे लगाए गए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सोसाइटी का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा देना था। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने का आग्रह किया।

### विश्वकर्मा ने ली लौह शिल्पियों की बैठक

**रायपुर।** छग लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा से जिला कोण्डागांव के लौह शिल्पियों ने मुलाकात की। बैठक में शिल्पियों के पंजीकरण पर चर्चा, प्रशिक्षण, सामाजिक विकास, परम्परागत एवं वंशानुगत लौह शिल्पियों का पंजीयन, लौह शिल्पी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त 60 वर्ष से अधिक हैं, उन्हें पेंशन की सुविधा दी जाए एवं कोंडागांव में शिल्पी द्वारा बनाई गई वस्तुओं का लौह शिल्पकार बोर्ड की ओर से एम्पोरियम बनाए जाने पर चर्चा हुई। अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने लौह शिल्पियों से कहा कि लौह शिल्पकार बोर्ड शिल्पकारों के संवर्धन एवं समग्र उत्थान के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। बैठक में प्रमुख रूप से शंकरलाल विश्वकर्मा, छग लौह शिल्पकार विकास बोर्ड एवं उपाध्यक्ष लोहार समाज बस्तर संभाग सनतराम विश्वकर्मा, राजकुमार कोयाम, नंदलाल विश्वकर्मा, श्याम सुंदर सोढ़ी एवं बड़ी संख्या में लौह शिल्पी कारीगर उपस्थित थे।

### बिजली ठेका कर्मचारियों का जल्द होगा वेतन पुनरीक्षण

**रायपुर।** विद्युत ठेका श्रमिक संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष अजय राय सहित पदाधिकारियों ने सोमवार को श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन से मुलाकात की।

## शहीद एएसपी श्री गिरेपुंजे के परिवारजनों में मिलकर ढाढ़स बंधाया

# सीएम साय ने ली गृह विभाग के अधिकारियों की हाई लेवल बैठक, नक्सल घटना की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में शहीद एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे के राजधानी रायपुर स्थित निवास पहुंचकर उनके पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शहीद एएसपी के शोकसंतप्त परिवारजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढाढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि शहीद एएसपी ने अपने कर्तव्य के प्रति अदम्य साहस, निष्ठा और समर्पण दिखाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमें उन पर गर्व है। सरकार इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री के साथ वन मंत्री केदार कश्यप और गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा ने भी शहीद श्री गिरेपुंजे को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने सुकमा के कोंटा में हुई नक्सल घटना के मद्देनजर अपना राजनांदगांव का प्रस्तावित दौरा स्थगित करते हुए मंत्रालय में गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की हाई लेवल बैठक में इस घटना की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट के विषय में अधिकारियों से जानकारी ली और नक्सल ऑपरेशन्स की समीक्षा की। उन्होंने घायल जवानों को त्वरित रूप से समुचित इलाज उपलब्ध कराने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत उपस्थित थे।

### घायल जवानों से की भेंट

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में घायल जवानों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने घायल जवानों से उनका हाल-चाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने घायल जवानों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने चिकित्सकों को निर्देशित किया।

### राज्यपाल ने जताया शोक



राज्यपाल रमेन डेका ने नक्सलियों द्वारा सुकमा के डोंड्रा के निकट किए गए आईईडी विस्फोट में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरीपुंजे के शहीद हो जाने की घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। राज्यपाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की सद्गति एवं शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। राज्यपाल ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की है।

### महंत ने जताया शोक



छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कोंटा सुकमा के पास नक्सली आईईडी ब्लास्ट में एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे के शहीद होने पर दुःख व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा, नक्सलियों द्वारा यह अमानवीय नापाक हरकत है, उनकी वीरता, बहादुरी और शहादत का प्रदेश सदैव ऋणी रहेगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान दें परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। वही इस घटना में कोंटा थाना प्रभारी सोनल ग्वाला, एसडीओपी भानू प्रताप चंद्राकर सहित कुछ और भी जवानों के घायल हुये है, उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### पूर्व सीएम बघेल ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए किया नमन

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी शहादत को नमन किया है। उन्होंने ईश्वर से



शहीद के परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल और साहस प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि आकाश राव गिरेपुंजे पाटन के दो साल से अधिक समय तक एसडीओपी रहे। आज पाटन का पूरा क्षेत्र शोक संतप्त है, वे एक अच्छे अधिकारी के रूप के जाने जाते हैं। शोक की इस घड़ी में हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

### बैज ने कहा- उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा



सुकमा के कोंटा के पास नक्सली ब्लास्ट में एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे के शहीद होने तथा एसडीओपी एवं टीआई के घायल होने की खबर पर कांग्रेस ने गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, यह नक्सलियों की कायराना हरकत है। उनके शहादत को नमन करते हुए कहा, उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं तथा घायल अधिकारियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

**उपाध्याय ने शहीद के परिजनों से की मुलाकत**

रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने भी सुकमा में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे के परिजनों से मुलाकात की और ढाढ़स बंधाया।

### छत्तीसगढ़ में 3 महापुरुषों की प्रतिमा का अपमान प्रशासन गंभीरता से ले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा, छत्तीसगढ़ में तीन हफ्तों में तीन


प्रदेश की सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास : अमित

महानायकों की प्रतिमा का अपमान पर दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई होनी चाहिए। संविधान के निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर, अटल बिहारी वाजपेयी और छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी की प्रतिमाओं को अपमानित किया गया। उन्होंने कहा प्रतिमाएं तोड़ना छत्तीसगढ़ की संस्कृति नहीं है, इस पावन धरती की पहचान बाबा गुरु घासीदास के सफेद ध्वज में समाहित है जो आस्था, न्याय और शांति का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ में असामाजिक तत्व, प्रतिमाओं को अपमानित करने का दुस्साहस इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि वो जानते हैं कि शासन-प्रशासन उनका कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता। ये "तालिबानी चलन" प्रदेश के सामाजिक सौहार्द्र के लिए घातक है। मैं, सरकार से निवेदन करता हूं कि इन मामलों को गंभीरता से ले और दोषियों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई करे, जिससे सभी को सबक मिले और दोषियों को सीख मिले।

## पार्षद पुत्र की मौत के विरोध में निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

■ अस्पताल प्रबंधन पर गलत उपचार करने का आरोप

तिल्दा नेवरा के भाजपा पार्षद सतीश निषाद की सुपुत्री कुमारी साक्षी निषाद उम्र 18 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया वे पिछले कुछ महीनों से बीमार थी उनके निधन के बाद तिल्दा में उनका अंतिम संस्कार किया गया और आज सोमवार को गांधी चौक नेवरा से रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय एवं थाना में ज्ञापन दिया गया साथ ही आरोप लगाया गया है कि तिल्दा के एक निजी अस्पताल खुशी अस्पताल के संचालक द्वारा गलत इलाज किया गया जिसके चलते उक्त युवती की मृत्यु हुई है। उक्त अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसे बंद करने की मांग सहित उचित कार्यवाही करने का ज्ञापन दिया गया है। रैली ज्ञापन में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा सहित भाजपा नेताओं ने अस्पताल प्रबंधन पर जांच कर कार्रवाई की मांग किए है। रैली में भारी संख्या में भाजपाई और नगरवासी व क्षेत्र वासीउपस्थित हुए। इधर खुशी अस्पताल के संचालक डॉक्टर भोजराज मोहनानी से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि उक्त युवती के पेट में टीबी की बीमारी थी पूरा गंदा पानी पेट में भरा हुआ था, हमारे यहां इलाज के बाद उसे रायपुर रिफर किया गया और लगभग दो माह रायपुर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती रही जहां उसकी मृत्यु हुई है।



## रायपुर में सदगुरु कबीर साहेब का 627वां प्राकट्य उत्सव आज व कल

**आरंग।** सदगुरु कबीर साहेब जी का 627वा प्राकट्य उत्सव समारोह 10 एवं 11 जून को गुरुधाम अमलेश्वर एवं राजधानी रायपुर में हर्षोल्लास के साथ श्री सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली सेवा समिति, केडीव्ही मिशन रायपुर, आमीन माता महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वधान में आयोजित किया जा रहा है। 10 जून को गुरुमहिमा पाठ उपरांत सत्संग भजन कार्यक्रम में गुरु गोसाई डॉ. भानुप्रताप साहेब एवं साहिबा सुलक्षणा देवी का आगमन होने जा रहा है। वही 11 जून को सत्यनाम धुन, कर्मा नृत्य के साथ धूमधाम से भव्य शोभायात्रा निकाला जाएगा, जो रामनगर कबीर चौक, तेलघानी नाका, रामसागर पारा, तात्यापारा, जयस्तंभ चौक, शास्त्री चौक से होकर देवेंद्र नगर चौक में समापन होगा, जिसमें सदगुरु कबीर साहेब के वाणों वचनों का प्रचार प्रसार करते हुए, विश्व शांति एवं भाईचारे का संदेश प्रस्तुत किया जाएगा। तत्पश्चात संध्या 4 बजे सदगुरु कबीर सत्संग स्थल गोदवारा में गुरु माता मनीषा देवी दामाखेड़ा का आगमन होगा। उनके आशीर्वाद से समस्त समाज को सकारात्मक नई दिशा प्रदान करने वाले जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री आमंत्रित किए गए है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण करेंगे। इनके साथ राजेश मूणत विधायक रायपुर पश्चिम, मिनल चौबे महापौर नगर निगम रायपुर, पंकज शर्मा एवं विभिन्न वार्डो के पार्षद, जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

## रामजी लाल को संसद की समिति बैठक में दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सांसद बृजमोहन अग्रवाल सोमवार को संसद भवन में आयोजित दो महत्वपूर्ण समितियों, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की स्थायी समिति तथा प्राक्कलन समिति की बैठकों में शामिल हुए। इस अवसर पर रसायन एवं उर्वरक मामलों की स्थायी समिति की बैठक की शुरुआत में स्वर्गीय रामजी लाल अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धासुमन अर्पित किए और अग्रवाल परिवार के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त कीं। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, यह हमारे परिवार के लिए अत्यंत भावुक और गर्व का क्षण है। समिति के सभी सदस्यों द्वारा जो सम्मान और स्नेह हमें मिला, उसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

बैठक में दवाओं के सक्रिय घटकों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए उठाए गए कदमों पर फार्मास्यूटिकल विभाग के अधिकारियों द्वारा विस्तारपूर्वक प्रस्तुति दी गई। वहीं उर्वरक विभाग के अधिकारियों ने उर्वरक सब्सिडी योजनाओं की निगरानी और आधुनिक व पर्यावरण अनुकूल उर्वरकों की उपलब्धता जैसे विषयों पर जानकारी साझा की। श्री अग्रवाल ने इस दौरान छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में ऊर्जा ढांचे के विस्तार और गैस आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

### प्रयोगशाला परिचारक के लिए आवेदन प्रारंभ

**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रयोगशाला परिचारक पदों पर व्यापम द्वारा भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए व्यापम ने 9 जून से आवेदन प्रारंभ कर दिए हैं। अभ्यर्थी 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा 3 अगस्त को 33 जिला मुख्यालयों में आयोजित की जाएगी। प्रवेशपत्र 28 जुलाई को जारी किए जाएंगे। विस्तृत अधिसूचना व्यापम ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है।

### सहायक विकास विस्तार अधिकारी के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी कर दिए हैं। व्यापम द्वारा यह परीक्षा 15 जून को आयोजित की जाएगी। विकास आयुक्त कार्यालय के अंतर्गत रिक्त पदों पर भर्ती के लिए यह परीक्षा हो रही है। आवेदनकर्ताओं को व्यापम द्वारा मैसेज भी भेजे गए हैं। इसके माध्यम से भी वे प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

## भारतमाला की राह में कई बाधाएं, जमीन अधिग्रहण, पुल-पुलिया और इंटरचेंज

**सड़क की चौड़ाई 70 मीटर होगी, सड़क पर 6 बड़े पुल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टेडेसरा-दुर्ग-रायपुर-आरंग एक्सप्रेस वे भारत के छत्तीसगढ़ में निर्माणाधीन 92 किलोमीटर लंबा, छह लेन वाला, एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे है। केंद्र सरकार के इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के तहत बनने वाली यह सड़क राजनांदगांव, दुर्ग, नवा रायपुर, आरंग होकर ओड़शिा को जोड़ने वाली है, लेकिन अलग-अलग तहसीलों में मुआवजे के अलग-अलग दर का किसान विरोध कर रहे हैं। अभनपुर में जमीन अधिग्रहण में 326 करोड़ रुपये का घोटाला किया था, जिससे किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिला।

भारतमाला परियोजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में दुर्ग रायपुर आरंग एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। दुर्ग रायपुर आरंग एक्सप्रेसवे कुल 92 किलोमीटर लंबा होगा और यह दुर्ग से शुरू होकर अंजोरा, पटोरा, सुपकोना, अभनपुर तथा नया रायपुर होते हुए आरंग तक पहुंचेगा। सड़क के लिए कुल 746.61 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव है। सड़क निर्माण में 1382 करोड़ खर्च होगी।वर्तमान में, एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन है और भूमि अधिग्रहण और निर्माण अनुबंधों में पहले से ही महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। इस परियोजना के पूरा होने करने दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है।



### पुल, पुलिया और इंटरचेंज

भारतमाला परियोजना के लिए पुलों, पुलियाओं और इंटरचेंजों का निर्माण भी एक बड़ी चुनौती है। इन संरचनाओं के निर्माण में समय और लागत अधिक लगती है, जिससे परियोजना की प्रगति धीमी हो गई है। अभनपुर में ओवरब्रिज निर्माण की प्रगति पर है। सड़क शिवनाथ, खारून और महानदी से होकर गुजरेगी। सड़क की चौड़ाई 70 मीटर होगी। सड़क में 6 बड़े पुल, 27 छोटे पुल, 167 पुलिया, 2 फ्लाइ ओवर, 1 क्लोवरलीफ इंटरचेंज, 3 ट्रम्पेट एंटरचेंज और 39 अंडर ब्रिज बनेंगी।

### आरओबी निर्माण प्रगति पर

अभनपुर में बनाए जा रहे इंटरचेंज की प्रगति एनएच-30 और एनएच-130सी को जोड़ने वाले एलिवेटेड सेक्शन की निर्माण स्थिति पुलों और रोड ओवर ब्रिज के निर्माण पर अपडेट वे क्षेत्र जहां काम पूरा हो चुका है। यहां पर वे क्षेत्र जहां यह अभी भी लंबित है। भूमि अधिग्रहण से जुड़े मुद्दे और परियोजना की समयसीमा पर उनका प्रभाव पड़ा हैं। जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया में देरी और विवादित मुआवजे के कारण भारतमाला परियोजना को गंभीर रूप से प्रभावित किया गया है।

### अधिकतर स्थानों पर काम शुरू नहीं हुआ

प्रोजेक्ट के तहत जमीन का चिन्हाकन किए जाने के बाद भी रोड़ निर्माण में अपेक्षित प्रगति नहीं दिख रही है। कई जगहों पर जमीन समतलीकरण के बाद फ्लाई ऐश डालने का काम किया जा रहा है। पाटन-सेलूद में जमीन तय होने के बाद भी यहां पर बड़े हिस्से में निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। आरेग में सड़क निर्माण के लिए भूमि पर मिट्टी फिलिंग कार्य किया जा चुका है। वहीं कई स्थानों पर मुआवजा प्रकरणों के कारण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

## मुख्यमंत्री के नाम सौंपा 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

# तिल्दा में रसोईया महिलाओं की रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा में सोमवार को मध्याह्न भोजन रसोई संघ की बैठक आयोजित किया गया जहां उपस्थित रसोईया महिलाओ ने अपनी मांगो को लेकर रैली निकाल मुख्यमंत्री के नाम विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। तिल्दा के सासाहोली स्कूल में तिल्दा विकास खंड अंतर्गत विभिन्न स्कूलों रसोई कार्य में लगी महिलाओ ने बड़ी तादाद में एकत्रित होकर बैठक ली जहां उपस्थित महिलाओं ने अपनी बात बैठक में रखी।

वहीं सभी महिलाओ ने बैठक के दौरान एक स्वर में ग्यारह मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सामने रखते विकासखंड शिक्षा अधिकारी तिल्दा को दी जिसमें प्रमुख रूप से मानदेय में बढ़ोतरी, बिनाकारण से रसोईयों के हटाये जाने का विरोध, दुर्घटना बीमा, पेंशन, गैस सिलेंडर व चुल्हा ,बर्तन सेट व किचन सेड के मांगों रखा जिसे विधिवत मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने लगभग 300 से अधिक मध्याह्न भोजन कार्य कर रही रसोईयां बहने तेज धूप व गर्मी के बीच भरी दोपहरी में पैदल मार्च करते रैली निकाल ज्ञापन सौंपा।




### महिलाओं के सभी मांगों को जल्द पूरी की जाए

इस दौरान सभी महिलाओ ने प्रदेश के मुखिया के ऊपर विश्वास जताते मांग पूरी करने की बात कही। वहीं रसोईयां संघ के ब्लाक अध्यक्ष उतरा वर्मा ने बताया कि अन्य राज्य की तुलना में हमारे यहां मानदेय कम है देश व प्रदेश के मुखिया महिला के प्रति सम्मान रखते है विश्वास है हम सब रसोई कार्य में लगी महिलाओं के मांगों पर जरूर विचार करेगी। वहीं मध्याह्न भोजन रसोई संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनहरण यादव ने भी महिलाओं के सभी मांगों को जायज बताते जल्द पूरा करने की बात कही।

### तिल्दा के लखना गांव में प्रस्तावित स्टील प्लांट का ग्रामीणों ने किया जोरदार विरोध



**तिल्दा नेवरा।** लखना में प्रस्तावित कंपनी का ग्रामीणों ने किया विरोध एसडीएम कार्यालय पहुंच कर दिया ज्ञापन। तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत लखना में प्रस्तावित कंपनी मेसर्स मां बेरीवाली स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी प्रस्तावित है, इसके विरोध में ग्राम लखना के सरपंच एवं ग्रामीणों ने आज तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर उक्त प्रस्तावित प्लांट का घोर विरोध किए हैं। ग्रामीणजन भारी संख्या में महिला पुरुष युवक युवती, बुजुर्ग सभी वर्ग के लोग उपस्थित हुए, यहां पर उपस्थित हुए थे और प्लांट का विरोध किए हैं, जमकर नारेबाजी की गई साथ ही 10 बिंदुओं में लिखित ज्ञापन एसडीएम को दिया गया है। और मांग की गई है कि उक्त प्लांट को गांव में नहीं खुलने दिया जाएगा।

# ओपन यूनिवर्सिटी में कुलपति बनने ऐसा क्रेज, मिले 78 आवेदन, 12 शॉर्टलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पं.सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में कुलपति बनने का ऐसा क्रेज प्राध्यापकों और कुलपतियों में देखने को मिला कि आवेदन के रिकॉर्ड ही टूट गए हैं। राजभवन ने 21 अप्रैल को छग ओपन यूनिवर्सिटी में कुलपति पद के लिए विज्ञापन जारी किया था।

राज्य के प्राध्यापकों सहित अन्य राज्यों से 78 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस आवेदन संख्या ने दुर्ग विवि का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। दुर्ग विवि में कुलपति बनने के लिए 62 आवेदन मिले थे। यह उस वक्त तक कुलपति पद के लिए प्राप्त होने वाले आवेदनों की सर्वाधिक संख्या थी। अब यह रिकॉर्ड ओपन यूनिवर्सिटी के नाम हो गया है। राजभवन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, आवेदन करने वाले 78 कैंडिडेट्स में से 12 का नाम शॉर्टलिस्ट कर लिया गया है। इन्हें 28 जून को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने की चर्चा है। इंटरव्यू में कैंडिडेट्स को विश्वविद्यालय के विकास के लिए अपना विजन बताना होगा। इसके अलावा किए जा सकने वाले कार्यों को लेकर अपनी योजना भी साझा करनी होगी। दुर्ग विवि के लिए हुए साक्षात्कार में भी कैंडिडेट्स के लिए प्रेजेंटेशन देना अनिवार्य किया गया था।

- इसके पूर्व दुर्ग विवि में 62 आवदेन का बना था रिकॉर्ड
- तीसरी बार कुलपति चयन समिति में असम के शिक्षाविद




### रविवि, रायगढ़ विवि इग्नू से भी आवेदन

आवेदन करने वालों में पं.रविशंकर शुक्ल विवि के प्राध्यापक केके घोष, शम्ज परवेज सहित अन्य प्राध्यापक भी हैं। इग्नू के दो प्राध्यापक सहित रायगढ़ विवि के कुलपति डॉ.ललित कुमार पटेलिया का नाम भी शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिन 12 उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है, उनमें से किसी के भी पास ओपन विवि में कार्य का अनुभव नहीं है। सभी प्राध्यापक नियमित विश्वविद्यालयों में ही अध्यापन कार्य करते रहे हैं।

### 3 सदस्यीय कमेटी गठित

इसके अलावा दुर्ग विवि और स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि के बाद ओपन यूनिवर्सिटी मौजूदा वर्ष में प्रदेश का तीसरा विश्वविद्यालय है, जहां कुलपति चयन समिति में असम के शिक्षाविद को शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि किसी भी विवि में कुलपति चयन के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई जाती है। इसमें एक सदस्य यूजीसी द्वारा, एक सदस्य विवि द्वारा तथा एक सदस्य राजभवन द्वारा नामित किया जाता है। ओपन विवि में नवीन शैक्षणिक सत्र से पहले कुलपति चयन की प्रक्रिया पूर्ण करने की कोशिश की जा रही है ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में मदद मिल सके।

---

## खबर संक्षेप



### विश्वकर्मा ने ली लौह शिल्पियों की बैठक

**रायपुर।** छग लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा से जिला कोण्डागांव के लौह शिल्पियों ने मुलाकात की। बैठक में शिल्पियों के पंजीकरण पर चर्चा, प्रशिक्षण, सामाजिक विकास, परम्परागत एवं वंशानुगत लौह शिल्पियों का पंजीयन, लौह शिल्पी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त 60 वर्ष से अधिक हैं, उन्हें पेंशन की सुविधा दी जाए एवं कोंडागांव में शिल्पी द्वारा बनाई गई वस्तुओं का लौह शिल्पकार बोर्ड की ओर से एम्पोरियम बनाए जाने पर चर्चा हुई। अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने लौह शिल्पियों से कहा कि लौह शिल्पकार बोर्ड शिल्पकारों के संवर्धन एवं समग्र उत्थान के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। बैठक में प्रमुख रूप से शंकरलाल विश्वकर्मा, छग लौह शिल्पकार विकास बोर्ड एवं उपाध्यक्ष लोहार समाज बस्तर संभाग सनतराम विश्वकर्मा, राजकुमार कोयाम, नंदलाल विश्वकर्मा, श्याम सुंदर सोढ़ी एवं बड़ी संख्या में लौह शिल्पी कारीगर उपस्थित थे।

### बिजली ठेका कर्मचारियों का जल्द होगा वेतन पुनरीक्षण



**रायपुर।** विद्युत ठेका श्रमिक संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष अजय राय सहित पदाधिकारियों ने सोमवार को श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन से मुलाकात की। इस मौके पर संघ प्रदेशाध्यक्ष श्री राय ने बताया कि छत्तीसगढ़ विद्युत ठेका श्रमिक संघ के विद्युत कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 की धारा-3 (ख) के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा हर पांच साल में श्रमिकों के वेतन को पुनर्विलोकन- पुनरीक्षण किए जाने का प्रावधान है। इसी कड़ी में श्रम विभाग द्वारा अंतिम बार छत्तीसगढ़ में वर्ष 2017 में अधिसूचित नियोजन के लिए न्यूनतम वेतन दरों का पुनरीक्षण किया गया था, इसके बाद नियमानुसार वर्ष 2022 में पुनर्विलोकन-पुनरीक्षण होना था, किंतु 2017 के बाद से वेतन दरों का पुनरीक्षण-पुनर्विलोकन नहीं किया गया है। इससे प्रदेश के अंतर्गत कार्य करने वाले लाखों श्रमिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

---

### शहीद एएसपी श्री गिरेपुंजे के परिवारजनों में मिलकर ढाढ़स बंधाया

# सीएम साय ने ली गृह विभाग के अधिकारियों की हाईलेवल बैठक, नक्सल घटना की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में शहीद एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे के राजधानी रायपुर स्थित निवास पहुंचकर उनके पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शहीद एएसपी के शोकसंतप्त परिवारजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढाढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि शहीद एएसपी ने अपने कर्तव्य के प्रति अदम्य साहस, निष्ठा और समर्पण दिखाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमें उन पर गर्व है। सरकार इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री के साथ वन मंत्री केदार कश्यप और गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, अतिरिक्त



पुलिस महानिदेशक नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा ने भी शहीद श्री गिरेपुंजे को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने सुकमा के कोंटा में हुई नक्सल घटना के मद्देनजर अपना राजनांदगांव का प्रस्तावित दौरा स्थगित करते हुए मंत्रालय में गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की हाई लेवल बैठक में इस घटना की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट के विषय में अधिकारियों से जानकारी ली और नक्सल ऑपरेशन्स की समीक्षा की। उन्होंने घायल जवानों को त्वरित रूप से समुचित इलाज उपलब्ध कराने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत उपस्थित थे।

### घायल जवानों से की भेंट

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में घायल जवानों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने घायल जवानों से उनका हाल-चाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने घायल जवानों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने चिकित्सकों को निर्देशित किया।

### राज्यपाल ने जताया शोक



राज्यपाल रमेन डेका ने नक्सलियों द्वारा सुकमा के डोंड्रा के निकट किए गए आईईडी विस्फोट में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरीपुंजे के शहीद हो जाने की घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। राज्यपाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की सद्गति एवं शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। राज्यपाल ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की है।

### महंत ने जताया शोक



छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कोंटा सुकमा के पास नक्सली आईईडी ब्लास्ट में एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे के शहीद होने पर दुःख व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा, नक्सलियों द्वारा यह अमानवीय नापाक हरकत है, उनकी वीरता, बहादुरी और शहादत का प्रदेश सदैव ऋणी रहेगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान दें परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। वही इस घटना में कोंटा थाना प्रभारी सोनल ग्वाला, एसडीओपी भानू प्रताप चंद्राकर सहित कुछ और भी जवानों के घायल हुये है, उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### पूर्व सीएम बघेल ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए किया नमन

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी शहादत को नमन किया है। उन्होंने ईश्वर से



शहीद के परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल और साहस प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि आकाश राव गिरेपुंजे पाटन के दो साल से अधिक समय तक एसडीओपी रहे। आज पाटन का पूरा क्षेत्र शोक संतप्त है, वे एक अच्छे अधिकारी के रूप के जाने जाते हैं। शोक की इस घड़ी में हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

### बैज ने कहा- उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा



सुकमा के कोंटा के पास नक्सली ब्लास्ट में एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे के शहीद होने तथा एसडीओपी एवं टीआई के घायल होने की खबर पर कांग्रेस ने गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, यह नक्सलियों की कायराना हरकत है। उनके शहादत को नमन करते हुए कहा, उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं तथा घायल अधिकारियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

**उपाध्याय ने शहीद के परिजनों से की मुलाकत**

रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने भी सुकमा में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे के परिजनों से मुलाकात की और ढाढ़स बंधाया।

---

### छत्तीसगढ़ में 3 महापुरुषों की प्रतिमा का अपमान प्रशासन गंभीरता से ले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा, छत्तीसगढ़ में तीन हफ्तों में तीन महानायकों की प्रतिमा का अपमान पर दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई होनी चाहिए। संविधान के निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर, अटल बिहारी वाजपेयी और छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी की प्रतिमाओं को अपमानित किया गया। उन्होंने कहा प्रतिमाएं तोड़ना छत्तीसगढ़ की संस्कृति नहीं है, इस पावन धरती की पहचान बाबा गुरु घासीदास के सफेद ध्वज में समाहित है जो आस्था, न्याय और शांति का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ में असामाजिक तत्व, प्रतिमाओं को अपमानित करने का दुस्साहस इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि वो जानते हैं कि शासन-प्रशासन उनका कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता। ये "तालिबानी चलन" प्रदेश के सामाजिक सौहार्द्र के लिए घातक है। मैं, सरकार से निवेदन करता हूं कि इन मामलों को गंभीरता से ले और दोषियों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई करे, जिससे सभी को सबक मिले और दोषियों को सीख मिले।



प्रदेश की सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास : अमित

---

## दिवंगत रामजी लाल को संसद की समिति बैठक में दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सांसद बृजमोहन अग्रवाल सोमवार को संसद भवन में आयोजित दो महत्वपूर्ण समितियों, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की स्थायी समिति तथा प्राक्कलन समिति की बैठकों में शामिल हुए। इस अवसर पर रसायन एवं उर्वरक मामलों की स्थायी समिति की बैठक की शुरुआत में स्वर्गीय रामजी लाल अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धासुमन अर्पित किए और अग्रवाल परिवार के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त कीं। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, यह हमारे परिवार के लिए अत्यंत भावुक और गर्व का क्षण है। समिति के सभी सदस्यों द्वारा जो सम्मान और स्नेह हमें मिला, उसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

बैठक में दवाओं के सक्रिय घटकों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए उठाए गए कदमों पर फार्मास्यूटिकल विभाग के अधिकारियों द्वारा विस्तारपूर्वक प्रस्तुति दी गई। वहीं उर्वरक विभाग के अधिकारियों ने उर्वरक सब्सिडी योजनाओं की निगरानी और आधुनिक व पर्यावरण अनुकूल उर्वरकों की उपलब्धता जैसे विषयों पर जानकारी साझा की। श्री अग्रवाल ने इस दौरान छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में ऊर्जा ढांचे के विस्तार और गैस आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

### प्रयोगशाला परिचारक के लिए आवेदन प्रारंभ

**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रयोगशाला परिचारक पदों पर व्यापम द्वारा भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए व्यापम ने 9 जून से आवेदन प्रारंभ कर दिए हैं। अभ्यर्थी 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा 3 अगस्त को 33 जिला मुख्यालयों में आयोजित की जाएगी। प्रवेशपत्र 28 जुलाई को जारी किए जाएंगे। विस्तृत अधिसूचना व्यापम ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है।

### सहायक विकास विस्तार अधिकारी के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी कर दिए हैं। व्यापम द्वारा यह परीक्षा 15 जून को आयोजित की जाएगी। विकास आयुक्त कार्यालय के अंतर्गत रिक्त पदों पर भर्ती के लिए यह परीक्षा हो रही है। आवेदनकर्ताओं को व्यापम द्वारा मैसेज भी भेजे गए हैं। इसके माध्यम से भी वे प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

## भारतमाला की राह में कई बाधाएं, जमीन अधिग्रहण, पुल-पुलिया और इंटरचेंज

**सड़क की चौड़ाई 70 मीटर होगी, सड़क पर 6 बड़े पुल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टेडेसरा-दुर्ग-रायपुर-आरंग एक्सप्रेस वे भारत के छत्तीसगढ़ में निर्माणाधीन 92 किलोमीटर लंबा, छह लेन वाला, एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे है। केंद्र सरकार के इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के तहत बनने वाली यह सड़क राजनांदगांव, दुर्ग, नवा रायपुर, आरंग होकर ओड़िशा को जोड़ने वाली है, लेकिन अलग-अलग तहसीलों में मुआवजे के अलग-अलग दर का किसान विरोध कर रहे हैं। अभनपुर में जमीन अधिग्रहण में 326 करोड़ रुपये का घोटाला किया था, जिससे किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिला।

भारतमाला परियोजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में दुर्ग रायपुर आरंग एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। दुर्ग रायपुर आरंग एक्सप्रेसवे कुल 92 किलोमीटर लंबा होगा और यह दुर्ग से शुरू होकर अंजोरा, पटोरा, सुपकोना, अभनपुर तथा नया रायपुर होते हुए आरंग तक पहुंचेगा। सड़क के लिए कुल 746.61 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव है। सड़क निर्माण में 1382 करोड़ खर्च होगी।वर्तमान में, एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन है और भूमि अधिग्रहण और निर्माण



अनुबंधों में पहले से ही महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। इस परियोजना के पूरा होने करने दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है।

### पुल, पुलिया और इंटरचेंज

भारतमाला परियोजना के लिए पुलों, पुलियाओं और इंटरचेंजों का निर्माण भी एक बड़ी चुनौती है। इन संरचनाओं के निर्माण में समय और लागत अधिक लगती है, जिससे परियोजना की प्रगति धीमी हो गई है। अभनपुर में ओवरब्रिज निर्माण की प्रगति पर है। सड़क शिवनाथ, खारून और महानदी से होकर गुजरेगी। सड़क की चौड़ाई 70 मीटर होगी। सड़क में 6 बड़े पुल, 27 छोटे पुल, 167 पुलिया, 2 फ्लाइ ओवर, 1 क्लोवरलीफ इंटरचेंज, 3 ट्रम्पेट एंटरचेंज और 39 अंडर ब्रिज बनेंगी।

### आरओबी निर्माण प्रगति पर

अभनपुर में बनाए जा रहे इंटरचेंज की प्रगति एनएच-30 और एनएच-130सी को जोड़ने वाले एलिवेटेड सेक्शन की निर्माण स्थिति पुलों और रोड ओवर ब्रिज के निर्माण पर अपडेट वे क्षेत्र जहां काम पूरा हो चुका है। यहां पर वे क्षेत्र जहां यह अभी भी लंबित है। भूमि अधिग्रहण से जुड़े मुद्दे और परियोजना की समयसीमा पर उनका प्रभाव पड़ा हैं। जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया में देरी और विवादित मुआवजे के कारण भारतमाला परियोजना को गंभीर रूप से प्रभावित किया गया है।

### अधिकतर स्थानों पर काम शुरू नहीं हुआ

प्रोजेक्ट के तहत जमीन का चिन्हाकन किए जाने के बाद भी रोड़ निर्माण में अपेक्षित प्रगति नहीं दिख रही है। कई जगहों पर जमीन समतलीकरण के बाद फ्लाई ऐश डालने का काम किया जा रहा है। पाटन-सेलूद में जमीन तय होने के बाद भी यहां पर बड़े हिस्से में निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। आरंग में सड़क निर्माण के लिए भूमि पर मिट्ट्री फिलिंग कार्य किया जा चुका है। वहीं कई स्थानों पर मुआवजा प्रकरणों के कारण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

---

**जिला केमिस्ट संघ भी विरोध में उतरा**

## फार्मेसी काउंसिल की शुल्क बढ़ोतरी के विरोध में भूख हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फार्मेसी काउंसिल द्वारा पंजीयन और नवीनीकरण शुल्क में बढ़ोतरी के विरोध में भूख हड़ताल की चेतावनी दी गई है। वहीं शुल्क वृद्धि के खिलाफ जिला केमिस्ट संघ ने भी मोर्चा खोल दिया गया है। उसका तर्क है कि बेरोजगार फार्मासिस्टों और छोटे दवा दुकानदारों पर इससे अनावश्यक बोझ लादा जा रहा है। शुल्क में वृद्धि के फैसले को तत्काल वापस लेने की मांग गई है।



छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल की सामान्य सभा की बैठक में पंजीयन से लेकर नवीनीकरण के शुल्क में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया था, जिसका चौतरफा विरोध शुरू हो गया है। काउंसिल के निर्वाचित सदस्य भगतराम शर्मा तथा पदेन सदस्य मेडिकल डॉ. राकेश गुप्ता ने चेतावनी दी है कि सप्ताहभर के भीतर शुल्क बढ़ाने के निर्णय को वापस नहीं लिया जाता है, तो फार्मासिस्टों के समर्थन में भूख हड़ताल की जाएगी। उन्होंने आरोप लगा है, शुल्क बढ़ोतरी के साथ काउंसिल के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा स्वयं की सुविधा के लिए टीए, डीए को दोगुना करने का फैसला लिया गया है। इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य सचिव से की गई है। दूसरी रायपुर जिला केमिस्ट एसोसिएशन ने भी इस शुल्क वृद्धि का विरोध किया है। अध्यक्ष विनय कृपलानी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्विनी विग एवं सचिव संजय रावत ने कहा कि स्टेट फार्मेसी काउंसिल द्वारा पिछले दिनों पंजीयन, नवीनीकरण एवं अन्य कार्यों के शुल्क में निर्धारित शुल्कों से अनेकों गुना तक वृद्धि कर दी है गई जो कि अनुचित है। इस वृद्धि से छत्तीसगढ़ के समस्त फार्मेसिस्ट आक्रोशित है। बेरोजगार फार्मासिस्ट के हित में इस पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि आज छोटे चिल्हर दवा विक्रेताओं और अस्पताल चिकित्सकों द्वारा संचालित दवा दुकानों से बुरी तरह प्रभावित है।

### मुख्यमंत्री साय के साथ भोजन करने का भी मौका देने का किया था भाजपा संगठन ने वादा

# भाजपा के तीन हजार सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं का अब तक सम्मान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान में बीते साल प्रदेश संगठन ने प्रदेश में 60 लाख सदस्य बनाकर इतिहास रचने का काम किया है। प्रदेश संगठन ने कार्यकर्ताओं को तीन हजार सदस्य बनाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का मौका देने के साथ सम्मान भी करने का ऐलान किया था।

सदस्यता अभियान समाप्त होने के पांच माह बाद भी अब तक कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं किया गया है और उनको सीएम के साथ भोजन करने का मौका भी नहीं मिला है। इस माह भी लगातार कार्यक्रम होने के कारण कार्यकर्ताओं के सम्मान की संभावना नहीं है। जहां एक तरफ प्रदेश के कई दिग्गज सांसद और विधायक अपना लक्ष्य पूरा नहीं सके, वहीं कई



कार्यकर्ताओं ने दस-दस हजार तक सदस्य बनाने का काम किया है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने जब देशभर में बीते साल सितंबर से सदस्यता अभियान का प्रारंभ किया तो छत्तीसगढ़ को पहले 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया, लेकिन छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान की रफ्तार को देखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने रायपुर प्रवास में भाजपा का लक्ष्य 50 लाख से बढ़ाकर 60 लाख कर दिया। प्रदेश संगठन ने इस लक्ष्य को प्राप्त भी कर लिया।

### कई सांसद-विधायक रहे पीछे

सदस्यता अभियान के लिए सांसदों के लिए जहां 20-20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया, वहीं विधायकों के लिए दस-दस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सभी मंत्रियों और ज्यादातर विधायकों ने अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। कुछ विधायक अपना लक्ष्य प्राप्त ही नहीं कर सके। इसी तरह से सांसदों में आधा दर्जन से ज्यादा सांसद अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं सके। ये सांसद तो आधे लक्ष्य तक भी नहीं पहुंचे सके। एक सांसद तो पांच सौ सदस्य भी नहीं बना सके थे।

### कार्यकर्ताओं ने किया कमाल

जहां एक तरफ कई सांसद और विधायक लक्ष्य प्राप्त करने में सफल नहीं रहे, वहीं थोक में कार्यकर्ताओं ने तीन हजार सदस्य बनाने का काम आसानी से किया। इसी के साथ कई कार्यकर्ताओं ने दस हजार और इससे ज्यादा भी सदस्य बनाने का काम किया है। अब इन सभी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने के साथ सम्मान का इंतजार है। भाजपा नेताओं का कहना है कि सदस्यता अभियान के बाद प्रदेश संगठन के चुनाव और इसके बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के कारण सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता व्यस्त रहे हैं। नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के बाद सभापति, उपाध्यक्षों और जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव हुआ, तो सब इसमें लग गए।

# नशीली दवाओं के खिलाफ मुहिम, खरीदी-बिक्री का रिकार्ड नहीं रखने वाली 25 दवा दुकानों पर एक्शन

## दो माह का अभियान, जशपुर में लाइसेंस निरस्त, रायपुर जिले की 7 दुकानों सहित 24 निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नशीली दवाओं के कारोबार में मेडिकल स्टोर्स की संलिप्तता रोकने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं पुलिस का ज्वाइंट एक्शन लगातार जारी है। इसके तहत दवाओं की खरीदी-बिक्री के रिकार्ड में लापरवाही बरतने वाली 25 दुकानों के खिलाफ पिछले दो माह की जांच में कार्रवाई की गई है। जशपुर की एक दुकान का लाइसेंस निलंबित किया गया, तो रायपुर की 7 दुकानों को लापरवाही की गंभीरता के हिसाब से निलंबित किया गया है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और गृहमंत्री विजय शर्मा द्वारा पिछले दिनों ली गई संयुक्त बैठक में एफडीए और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा छापामार कार्रवाई कर नशीली दवा के कारोबार पर अंकुश लगाने का फैसला लिया गया था। इसके बाद संयुक्त टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। दवा दुकानों में क्रय-विक्रय की सही जानकारी रखने के साथ सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं। संयुक्त टीम द्वारा पिछले दो माह में 2920 दवा दुकानों में जांच की गई और 3610 मेडिकल स्टोर्स के सीसीटीवी फूटेज की जांच की गई। इस दौरान खरीदी-बिक्री का रिकार्ड रखने में बरती जा रही लापरवाही की वजह से 25 दवा दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसमें कांसाबेल जशपुर के दिनेश मेडिकल स्टोर्स पर गंभीर लापरवाही पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। वहीं दुर्ग, सरगुजा, राजनांदगांव,महासमुंद, मुंगेली जिले में 2-2, सूरजपुर, गरियाबंद, धमतरी, बिलासपुर जिले में 1-1, जांजगीर-चांपा में 3 तथा रायपुर जिले की सात दवा दुकानों पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

### रायपुर जिले की इन दवा दुकानों पर हुई कार्रवाई

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा अपने दो महीने के संयुक्त अभियान के दौरान रायपुर के छाया मेडिकल ग्राम भैंसा आरंग, सरिता मेडिकल स्टोर्स तिल्दा, लक्ष्मी मेडिकल हॉल खरोरा, मां भवानी मेडिकल स्टोर्स गोंदवारा, कृष्णा मेडिकल कटोरा तालाब, सत्कार मेडिकल स्टेशन रोड एवं प्राइम फार्मेसी जनता कालोनी गुढ़ियारी को अलग-अलग तिथि के लिए निलंबित किया गया था।



### ब्लड सेंटर होंगे ऑनलाइन

भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 144 ब्लड सेंटर्स को ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकृत किया जा रहा है। भविष्य में इन केंद्रों से संबंधित समस्त आवेदन एवं प्रक्रियाएं केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार की जाएंगी। इस क्रम में सभी ब्लड सेंटर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं और पंजीयन की प्रक्रिया प्रगति पर है।

## खबर संक्षेप

### माया का जमानत आवेदन खारिज

**रायपुर।** डीएमएफ घोटाला मामले में जेल में बंद माया वारियर का ईओडब्ल्यू की स्पेशल कोर्ट ने अंतरिम जमानत आवेदन सोमवार को खारिज कर दिया। माया वारियर के वकील ने कोर्ट में जमानत आवेदन पेश करते हुए दलील दी कि इसी मामले में पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने अन्य अभियुक्तों को जमानत दी है। प्रकरण की समान प्रवृत्ति को देखते हुए उसे भी जमानत का लाभ दिया जाए। उसके खिलाफ अन्य किसी भी कोर्ट में किसी भी तरह का प्रकरण लंबित नहीं है। अभियोजन पक्ष ने इसका विरोध करते हुए बताया कि प्रकरण समान प्रवृत्ति का नहीं है। इस समय प्रकरण की जांच चल रही है। इसे देखते हुए जमानत नहीं दिए जाने का अनुरोध किया। विशेष न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद आवेदन को खारिज कर दिया।


## निधन

### पारस कुमार साहू



**रायपुर।** दलदल सिवनी निवासी पारस कुमार साहू (48) का 9 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दलदल सिवनी मुक्तिधाम में किया गया। वे पूर्णिमा साहू के पति, सूरज व रोहन के पिता तथा साहू न्यूज एजेंसी के संचालक वीरेंद्र, सुभाष, धनेश्वर के बड़े भाई थे।

### मोंगरा बाई शुक्ला



**रायपुर।** ब्राह्मणपारा निवासी मोंगरा बाई शुक्ला (85) का 9 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. द्वारिका प्रसाद शुक्ला (टेमरी वाले) की धर्मपत्नी थीं।

### व्यापारियों से निगम को अच्छी व्यवस्था देने सहयोग की अपील

# पंडरी कपड़ा मार्केट के व्यापारियों ने शपथपत्र का नहीं किया पालन

## नियमितीकरण आदेश में दोनों ओर प्रवेश द्वार की अनुमति नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने पंडरी कपड़ा मार्केट के व्यापारियों से जनहित में निगम को अच्छी व्यवस्था देने में सहयोग की अपील की है। उनका कहना है कि व्यापारियों ने अक्टूबर 2017 में दिए गए अपने शपथपत्र का 8 वर्षों में पालन नहीं किया। नियमितीकरण आदेश में दोनों ओर प्रवेश द्वार की अनुमति व्यापारियों को नहीं दी गयी है। सड़क की ओर दुकानों का शटर खोलने से यातायात पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, साथ ही पार्किंग व्यवस्था अस्त-व्यस्त रहती है। इसीलिए एक ओर प्रवेश द्वार बंद करना होगा।

दरअसल, पंडरी कपड़ा मार्केट के 19 ऐसे दुकानदारों की दुकानें नगर निगम ने हाल ही में सीलबंद कर दी है, जिन दुकानों के शटर नियम विपरीत सड़क के तरफ खोले गये थे। इससे आए दिन ट्रैफिक जाम में लोगों को फंसना पड़ता था। आम जनता की शिकायत पर महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप ने स्थल निरीक्षण कर जोन 2 के अधिकारियों को नियम अनुसार एक्शन लेने निर्देशित किया। इसी संदर्भ में मुख्यालय उड़नदस्ता नगर निवेश और जोन 2 कमिश्नरी ने सड़क की तरफ शटर खोलकर कारोबार कर रहे 19 दुकानों को सील कर दिया था। महापौर मीनल चौबे ने कहा है, अनाधिकृत निर्माण का नियमितीकरण अधिनियम 2000 के अंतर्गत व्यापारियों को दिए गये नियमितीकरण आदेश में दुकान की दोनों ओर प्रवेश द्वार की अनुमति नहीं दी गयी है। व्यापारियों ने इसमें प्रस्तुत लेआउट में दोनों ओर प्रवेश द्वार का दस्तावेज लगाया है, किन्तु नियमितीकरण उन्हीं वैध दस्तावेजों का किया जाता है, जिनका नियम अनुसार नियमितीकरण किया जा सकता है।



*महापौर मीनल चौबे ने कहा- बंद करना होगा एक ओर का प्रवेश द्वार, पार्किंग अस्त-व्यस्त, यातायात पर विपरीत प्रभाव*

### व्यापारियों से जनहित में सहयोग की जताई उम्मीद

व्यापारियों द्वारा 2025 में नियमितीकरण कराया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण अधिनियम 2002 के अंतर्गत - पार्श्व खुला स्थान, तल क्षेत्र अनुपात, भू उपयोग में परिवर्तन, पार्किंग इन विषयों पर नियमितीकरण कराया गया है। नियमितीकरण के इस आदेश में कहीं भी दुकानदारों को 2 प्रवेश द्वार की अनुमति या नियमितीकरण नहीं दी गयी है। इसलिए यह स्पष्ट है कि व्यापारियों द्वारा दुकान के दोनों ओर प्रवेश द्वार खोल दिये जाने से यातायात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जनता की सुविधा को सर्वोपरि मानते हुए संबंधित व्यापारियों से जनहित में सहयोग की उम्मीद जतायी है।

# मारपीट के वायरल वीडियो में शामिल लड़कियां सेक्स रैकेट में संलिप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- वेडिंग ईवेंट की आड़ में संचालित कर रही थीं सेक्स रैकेट

डीडीनगर थाना क्षेत्र में पिछले सप्ताह लड़के तथा लड़कियों के बीच मारपीट का सोशल मीडिया में वीडियो वायकल हुआ था। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अपराध दर्ज कर मामले की जांच की। जांच में पुलिस को लड़कियों के सेक्स रैकेट गिरोह से जुड़े होने के प्रमाण मिले। लड़कियों के मोबाइल पर पुलिस को ढाई सौ से ज्यादा लड़कियों के मोबाइल नंबर मिले हैं। जिनके देह व्यापार में संलिप्त होने की पुलिस को आशंका है।

पुलिस के अनुसार मारपीट करने के मामले में पांच लड़कियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लड़कियां दूसरे शहरों की हैं। पुलिस ने आठ लड़कियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने मारपीट के आरोप में जिन पांच लड़कियों को गिरफ्तार कर उनके मोबाइल की जांच की, तो मोबाइल के वाट्सएप में लड़कियों के नाम के साथ उनके रेट लिखे गए थे।



### नेटवर्क का जाल राज्य के दूसरे शहरों तक फैला

पुलिस ने लड़कियों के मोबाइल की पड़ताल की, तो मोबाइल में राज्य के दूसरे शहर रायपुर के साथ रायगढ़, बिलासपुर, दुर्ग, अंबिकापुर तथा बस्तर तक की लड़कियों के मोबाइल नंबर मिले। इसके साथ ही नार्थ ईस्ट की लड़कियों के मोबाइल नंबर मिले। पुलिस की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि 10-10 हजार रुपए में दूसरे राज्यों से भी लड़कियां बुलाई जा रही हैं। उन लड़कियों को आने-जाने और रहने की पूरी सुविधा दी जाती है। आउटर की कॉलोनियों में युवतियों ने फ्लैट लेकर रखा हुआ है। यहां इन युवतियों को ठहराया जाता है। वहीं से युवतियों को लेने गाड़ियां आती हैं, जिसमें बैठकर वे पार्टी वाली जगह पहुंचती हैं। इन लड़कियों के संपर्क में कई बड़े कारोबारी भी हैं।

### वेडिंग ईवेंट की आड़ में सेक्स रैकेट

पुलिस के अनुसार सेक्स रैकेट संचालित करने वाला यह गिरोह किसी को पुलिस पर इन पर शक न हो, इसके लिए कथित तौर पर रैकेट अपने आपको वेडिंग ईवेंट टीम से जुड़ा होना बताते थे। पुलिस इस पूरे मामले की पड़ताल कर आने वाले दिनों में सेक्स रैकेट से जुड़े गिरोह को लेकर कई अहम खुलासा कर सकती है।

## नहीं रहे साईं भरतलाल शदाणी

**रायपुर।** पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ के अष्टम पीठाधीश्वर सतगुरु संत गोविंदराम साहिब के द्वितीय सुपुत्र एवं वर्तमान नवम पीठाधीश्वर संत डॉ. युधिष्ठिरलाल महाराज के अनुज साईं भरतलाल शदाणी (दर्शनलाल शदाणी) का निधन हो गया। उनका जन्म 25 अक्टूबर 1964 को हुआ था। वे एक अत्यंत विनम्र, परोपकारी और आत्मीय व्यक्ति थे, जिन्होंने जीवनभर निस्वार्थ सेवा, सहजता और श्रद्धाभाव से शदाणी दरबार तीर्थ की मर्यादा को आगे बढ़ाया। हर भक्त के हृदय में उनके लिए एक विशेष स्थान रहा है। उनके निधन की खबर सुनकर सोमवार प्रातःकाल से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु शदाणी दरबार तीर्थ पहुंचने लगे, जहां वे साईं भरतलाल शदाणी को श्रद्धांजलि अर्पित करते रहे। अंतिम दर्शन के लिए दोपहर 2 से शदाणी दरबार तीर्थ में उनका पार्थिव शरीर रखा गया। अंतिम यात्रा आज शाम 4 बजे शदाणी दरबार तीर्थ से 'शदाणी मुक्तिधाम' के लिए निकली। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।



## 35 संक्रमित, 10 मरीज ठीक हुए

**रायपुर।** राजधानी रायपुर समेत जिले में 35 कोरोना संक्रमित मिलने की चिंता के बीच 10 लोगों के ठीक होने की खबर राहत भरी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि संक्रमितों में 31 केस साधारण सर्दी-खांसी वाले हैं और 4 मामलों में ट्रैवल हिस्ट्री का पता चला है। एक मरीज दूसरी बीमारी की वजह से हास्पिटल में एडमिट है और 24 होम आईसोलेशन में हैं।अफसरों के अनुसार कोरोना केस में सामान्य लक्षण जैसे सर्दी, खांसी, बुखार और स्वाद का चला जाना देखे जा रहे हैं। यह गंभीर नहीं है मगर सावधानी बरतने की जरूरत है।

## पेज 11 के शेष ...

### 629 में सिर्फ...

इस कारण यहां गहमा-गहमी का माहौल रहा। जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल छुट्टियों से लौट आए हैं, लेकिन उनके स्थान पर मातहतों ने शिकायतें सुनी। इसे लेकर भी शिक्षकों में आक्रोश रहा। रायपुर में अतिशेष शिक्षकों की काउंसिलिंग 4 जून को की गई थी। मेरिट लिस्ट में गड़बड़ी के बाद माध्यमिक शाला की स्थगित हुई काउंसिलिंग 5 जून को की गई। इन शिक्षकों को काउंसिलिंग के तीन दिनों के अंतराल में ज्वॉइनिंग देने के आदेश दिए गए थे। समस्त जिला शिक्षा कार्यालय को डीपीआई को रिपोर्ट भी नियत समय पर प्रेषित करनी है। शिक्षकों के ज्वॉइनिंग नहीं दिए जाने के कारण अधिकारी भी माथा पकड़कर बैठे हुए हैं।

### जमीन हड़पने और...

जमीन के बदले ट्रस्ट को मुआवजा दिया जाना था, लेकिन रसूखदारों की साजिश से फर्जी लोगों ने मुआवजा हड़प लिया। आरोपी पकड़े तो गए, लेकिन अब तक ट्रस्ट को राशि वापस नहीं मिल सकी। जैतूसाव मठ की जमीन के साथ बंदरबांट की घटना ने प्रदेशभर के मठ मंदिरों को परेशान कर दिया है। उक्त घटनाक्रम को देखते हुए अब प्रदेश के सभी मठ, मंदिर और ट्रस्ट मिलकर महाट्रस्ट बनाने जा रहे हैं।

महाट्रस्ट के बैनरतले जून के अंतिम सप्ताह में रायपुर में बड़ा प्रदर्शन भी होने जा रहा है। मठ-मंदिरों के सचिव और प्रमुख ट्रस्टी महाट्रस्ट में सदस्य बनाए जाएंगे। महाट्रस्ट सभी मठ मंदिरों की संपत्तियों को बचाने लड़ाई लड़ेगा।

### धर्मांतरण के खिलाफ...

अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। इसके अलवा महाट्रस्ट मंदिरों के माध्यम से संस्कृत पाठशाला, वेदशाला के संचालन में भी मदद करेगा। विभिन्न मंदिरों के पदाधिकारियों का कहना है कि रोजाना ट्रस्टी कोर्ट कचहरी के चक्कर लगा रहे हैं, जिससे मंदिर में भगवान की सेवा प्रभावित हो रही है।

# फर्जी खनिज अधिकारी बन कर उगाही, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- नवा रायपुर में हाईवा से रेत ले जा रहे वाहन चालक को रोक कर गाली-गलौज

राखी थाना क्षेत्र में फर्जी खनिज अधिकारी बनकर उगाही करने के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। बदमाश नवा रायपुर मिनी मार्केट के पास रेत से लदे हाईवा को रोक कर उसके चालक तथा मालिक से गाली-गलौज कर उगाही करने की कोशिश कर रहे थे। पैसा नहीं देने पर वाहन मालिक को ट्रक चलाने नहीं देने की धमकी दे रहे थे।

अशोक टंडन की शिकायत पर पुलिस ने जबरन उगाही करने की कोशिश करने के आरोप में अविनाश शर्मा, विनय यादव को गिरफ्तार किया है। अशोक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि रविवार देर रात वह कुम्हारी से अपने हाईवा में रेत लोड कर नवा रायपुर ला रहा था। इसी दौरान कार सवार दो लोगों ने उसके हाईवा को रोक कर अपना नाम बताते हुए पैसों की मांग की। इस पर अशोक ने अपने पास पैसा नहीं होने का हवाला देते हुए दोनों की अपने मालिक से मोबाइल पर बात कराई। हाईवा मालिक को धमकाते हुए दोनों बदमाश ने उससे अपने यूपीआई में पैसा डालने के लिए कहा। इस पर हाईवा मालिक ने पैसा देने से इनकार कर दिया। बदमाश हाईवा मालिक को धमकाते हुए रास्ते में उनकी हाईवा नहीं चलने की धमकी देकर वहां से चले गए। इसके बाद हाईवा मालिक और ड्राइवर ने बदमाशों की थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

## ईडी कर रही पप्पू बंसल से पूछताछ

**रायपुर।** दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में शराब कारोबारी पप्पू बंसल से ईओडब्ल्यू के बाद अब ईडी पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि पिछले दो दिनों से शराब कारोबारी से पूछताछ का सिलसिला चल रहा है। विजय भाटिया और उसके संबंधों, पूरे घोटाले में शामिल सिंडीकेट और उनकी भूमिका का ब्योरा लिया जा रहा है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर ईडी पप्पू बंसल को गिरफ्तार कर रिमांड पर ले सकती है।




### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 13 भाठागांव, तह. / जिला रायपुर छ.ग.

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 02.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निभा झा पति अरूण कुमार झा निवासी रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम चंगोराभाठा प.ह.नं. 59 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-13 स्थित भूमि खसरा नंबर 187/10 रकबा 0.0100 हेक्टेयर कुल खसरा क्रमांक 1 रकबा 0.0100 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 17.04.2025 के परिपालन में दिनांक 10.06.2025 को समय अपरान्ह 12:00 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 59 के चंगोराभाठा स्थित पटवारी/राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-13, भाठागांव**

### कार्यालय रा.नि.मं. रायपुर-14 (बोरियाखुर्द) तहसील रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

**जारी दिनांक 09/06/2025**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश साहू पिता स्व. दसरू राम साहू निवासी डूण्डा, रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम डूण्डा प.ह.नं. 72 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 58/4, 58/9, 58/8, 60/2, 60/3, 6 रकबा क्रमशः 0.4050, 0.3640, 0.2430, 0.1050, 0.2020. 0.1940 हे. कुल खसरा क्रमांक 06 रकबा हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 02/06/2025 के परिपालन में दिनांक 20/06/2025 को समय अपरान्ह 1.00 PM बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 72 के डूण्डा स्थित पटवारी/राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं.-रायपुर-14 (बोरियाखुर्द)**

### न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला - रायपुर छ.ग.

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.202411111000413 अ-6 (अ)/वर्ष 2024-25
ग्राम भुरकोनी, प.ह.न. 13
सारागांव दिनांक 09/06/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुरविन्दर पाल सिंग पिता स्व. प्रीतम सिंग जुनेजा निवासी शंकर नगर रायपुर द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम भुरकोनी प.ह.न. 13, रा.नि.म. रायपुर 16 सारागांव, तह.-धरसीवां, जिला-रायपुर छ.ग. के अंतर्गत खसरा नं. 149/1 रकबा 0.696 हे. भूमि को विक्रेता सुखीराम पिता कल्लूराम व नीरा बाई पति कल्लू राम से क्रय कर कब्जा प्राप्त है उक्त खसरा नं. 149/1 रकबा 0.696 हे. 7000 वर्गफुट को क्रेता श्रीमती जसमीत कौर जुनेजा पति गुरविंदर पाल सिंग निवासी शंकर नगर को दान किया गया बाद में 9000 वर्गफुट भूमि को भी दान किया गया था जिसके पश्चात कुल 16000 वर्गफुट दान किया गया किंतु आवेदक को 58000 वर्गफुट भूमि बचत भूमि है जिस पर 10000 वर्गफुट भूमि अलग से कट जाना लेख करते हुए उक्त कटे हुए 10000 वर्गफुट पर अपना नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 25/06/2025 को उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/06/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**उप तहसील सारागांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

### // घोषणा पत्र //

मै श्रीमती संतोष गुप्ता उम्र 60 वर्ष पति श्री सतीश कुमार निवासी- म.नं- 231 यूनी होम्स कॉलोनी भाटागांव भटगांव सुन्दर नगर रायपुर छ. ग. एतद् द्वारा निम्नलिखित घोषणा करती हूँ कि :-

01. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है तथा मेरा आधार नंबर 9121 3783 0347 6152 है जो कि सही एवं सत्य है। वही आई डी नंबर

02. यह कि मेरे स्वयं के नाम पर भारत देश मे कही भी कोई भी चल अचल सम्पत्ति होगी उसमे मेरे पुत्र आकाश गुप्ता एवं पुत्रवधू दीपाली गुप्ता का कोई अधिकार नही रहेगा

03. यह कि यदि भविष्य मे उन दोनों के द्वारा मेरे चल अचल सम्पत्ति पर किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति करते है तो वह अमान्य एवं शून्य माना जावेगा।

अतः यह घोषणा पत्र बिना किसी डर भय लालच दबाव प्रलोभन आदि के अपने पूर्ण होशो हवास मे लिखित रूप मे लिखकर पढकर समझकर अपना हस्ताक्षर/अंगूठा निशानी अंकित करते हुए इस घोषणा पत्र को निष्पादित कर दी हूँ कि सनद रहे वक्त जरूरत पर काम आवे।

स्थान : रायपुर, छ.ग.
दिनांकः- 09.06.2025

**संतोष गुप्ता**
**हस्ताक्षर घोषणाकर्ता**

### आम सूचना

**विषय :-आवेदक श्री अशोक कुमार पिता - चन्द्रबाली नि.-285, समता कालोनी, रायपुर (छ.ग.)**

ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 78 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी में स्थित भूमि खसरा नं. 302/47 रकबा 0.075 हे. के सीमांकन/बटांकन में उपस्थित होने के संबंध में।

आपकी उपरोक्त विषयांतर्गत भूमि के सीमांकन/बटांकन आवेदन जो की आवेदक श्री अशोक कुमार पिता- चन्द्रबाली नि- 285 समता कालोनी रायपुर (छ.ग.) द्वारा प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 06/03/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन / बटांकन दिनांक 23/06/2025 को समय 12:00pm बजे किया जाना है। चूंकि आप उक्त खसरा नं. के बटांकनधारी तथा सीमावर्ती हैं अतः आप धरमपुरा स्थित पटवारी कार्यालय/वाद स्थल में ऊपर उल्लेखित दिनांक को अपने दस्तावेज लेकर उपस्थित होवे और दस्तावेज के अनुरूप दावा या आपत्ति हमारे समक्ष प्रस्तुत करें। आपको सूचना उपरान्त आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत किसी भी प्रकार की कोई दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सो सूचना जाने।**

**राजस्व निरीक्षक**
**सेरीखेड़ी**

### गुमशुदा



**थनेश्वरी साहू**

**गुम इंसान का नाम**- थनेश्वरी साहू पिता प्रताप साहू उम्र 35 वर्ष साल पता कृष्ण चौक उरकुरा वार्ड नंबर 16 थाना खमतराई रायपुर छ.ग.

**गुम इंसान का हुलिया** - उंचाई 5 फुट चेहरा गोल, बालों का रंग काला, रंग सावली, हरा कलर की साडी व ब्लाउज पहन कर निकली है। नाक में बजारू फुली पहनी है मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, छत्तीसगढ़ी बोलती है कक्षा दुसरी तक पढ़ाई की है।

**पता बताने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा।**

**मो.नं.- 8085077538, 6267641793**



## खबर संक्षेप



### शहर में पहली ई-बस की सड़क पर एंट्री, अभी ट्रायल में चलेगी

रायपुर। शहर में पहली ई-बस की सड़क पर एंट्री करने का प्रयास कांकेर ट्रैवल्स ने किया है। इसके बारे में सोमवार को पत्रकार वार्ता में डायरेक्टर नवशरण सिंह गरचा ने बताया कि इसे सबसे पहले लाने का उद्देश्य ई-बस को पब्लिक सेवा का हिस्सा बनाने से पहले यह जानना है, किस तरह की दिक्कतें आएंगी। सबसे बड़ी समस्या चार्जिंग पाइंट की है। इसे देखते हुए एक बार चार्ज करने पर 250 किलोमीटर चलने वाली इस ई-बस को प्राइवेट संस्था से जोड़कर कर्मचारियों को लाने ले जाने के लिए ट्रायल के रूप में शुरू किया गया है। सरकार अगर इसे प्रमोट करे, तो शहर के बीच बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कारगर प्रयास किया जा सकता है।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 11 को रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम

रायपुर। विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में 11 जून को प्रदेशभर के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष की थीम "गिव ब्लड, गिव होपः टुगेदर वी सेव लाइव्स" के संदेश को लेकर यह आयोजन राज्यभर में आयोजित किए जा रहे हैं। बुधवार को आरोग्य मेलों के अंतर्गत इन कार्यक्रमों में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। आयोजन में रक्तदान के लिए पंजीकरण, शपथ ग्रहण समारोह, जनजागरूकता रैलियाँ और उत्कृष्ट रक्तदाताओं का सम्मान जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे। गाँवों में भी कार्यक्रमों को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच की अगुवाई में रक्तदान शपथ समारोह आयोजित किए जाएंगे। नागरिकों को यह शपथ हिंदी, अंग्रेज़ी और स्थानीय भाषाओं में दिलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त युवाओं और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से रैलियाँ, पोस्टर प्रदर्शनी और अन्य जनजागरूकता गतिविधियाँ चलाई जाएंगी।विभाग ने स्पष्ट किया कि इस पहल को एक जन-आंदोलन का रूप देते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस मानवसेवा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

# बंगाल की खाड़ी में बना राहत का सिस्टम, गुरुवार से व्यापक बारिश होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जून में उमस भरी गर्मी से परेशान हो चुके प्रदेश के लोगों को राहत देने के लिए बंगाल की खाड़ी में राहत का सिस्टम यानी चक्रीय चक्रवाती घेरा तैयार हो चुका है। इसके प्रभाव से दो दिन में बारिश की गतिविधि शुरू होगी और 15 जून तक दक्षिण-पश्चिम मानसून के सक्रिय होने की संभावना है। अभी वातावरण में मौजूद नमी और तेज गर्मी के प्रभाव से बादल छा रहे हैं, जो कुछ स्थानों पर प्री-मानसून का कारण बन सकते हैं।

दक्षिण-पश्चिम मानसून पिछले 11 दिन से दंतेवाड़ा में अटका पड़ा है और प्रदेश में बारिश की गतिविधि पूरी तरह थमने की वजह से लोग उमस वाली गर्मी से हलाकान हो चुके हैं। कमरे के भीतर उमस भरी बेचैनी और बाहर तेज धूप ने लोगों को हलाकान कर रखा है। सोमवार को आसमान पर बादल छाए रहने की वजह से अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से आगे नहीं बढ़ पाया। बादल के कारण धूप का प्रभाव थोड़ा कम रहा, मगर उमस ने असर दिखाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधि बढ़ने से उमस भरी गर्मी से राहत मिल सकती है। वर्तमान में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होने के साथ उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी-दक्षिण गंगेटिक पश्चिम बंगाल-तटीय उड़ीसा के ऊपर बना ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण अपना रूप बदलकर कम दबाव का क्षेत्र बनेगा। कल 10 जून को प्री-मानसून के रूप में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। 11 जून से अधिकतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने और 12 जून से वर्षा का क्षेत्र बढ़ने की संभावना है। माना जा रहा है कि 15 जून से प्रदेश में मानसून की गतिविधि तेज होगी और 15 जून के आसपास से व्यापक वर्षा संभावित है।

### 15 जून तक सक्रिय होगा दक्षिण-पश्चिम मानसून

**पिछली बार सुकमा इस बार दंतेवाड़ा**

पिछली बार मानसून सुकमा में आकर अपनी सामान्य तारीख तक अटका हुआ था। इस बार यह दंतेवाड़ा तक पहुंचा और लंबे समय से रुका हुआ है। पिछली बार की तरह इस बार भी दक्षिण-पश्चिम मानसून 15 जून के बाद सक्रिय होकर तीन-चार दिनों में पूरे प्रदेश में सक्रिय हो जाएगा।



## डेढ़ दर्जन सामाजिक संगठनों का आव्हान, 10 सूत्रीय मांग को लेकर धरना

# नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर संवैधानिक हक के लिए राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर 11 जून को संवैधानिक हक के लिए 16 सामाजिक संगठन एक साथ मिलकर राज्य व्यापी धरना देंगे। 10 सूत्रीय मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सर्व समाज के पदाधिकारी अपने हक की आवाज बुलंद करने जुटेंगे।

छत्तीसगढ़ राज्य आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रस्ताव पर सर्व अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के समाज प्रमुखों द्वारा आमसभा में यह निर्णय हुआ कि संवैधानिक मांगों के समर्थन में राजधानी में 11 जून को राज्यव्यापी धरना दिया जायेगा। नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर संवैधानिक जागरूकता का परिचय देने समाज जन जुटेंगे। प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ एवं सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामाजिक संगठन एवं अधिकारी कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहेंगे।




- छत्तीसगढ़ राज्य आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रस्ताव पर सर्व अनूसूचित जाति, जनजाति वर्ग के समाज का निर्णय

**प्रमुख मांग इस तरह**

- अनुसूचित जाति, जनजाति वर्गों के लिए पदोन्नति में आरक्षण नियम 5 को पुनः अधिसूचित करना एवं सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश 1 मई 2023 व 24 फरवरी 2025 को पदोन्नति में तत्काल लागू करवाना।
- पिछले वर्गों के बैकलाग पदों की पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान की कार्यवाही करवाने की मांग।
- जनसंख्या के आधार पर अनुसूचित जाति, जनजाति आरक्षण का निर्धारण एवं जिला व संभाग स्तरीय, स्थानीय भर्ती पर आरक्षण अधिनियम बनाने की कार्यवाही।
- राज्य में आरक्षित वर्गों के छात्रवृति के लिए 2011 से निर्धारित 2.50 लाख रुपये की आय सीमा को समाप्त करने की मांग।
- फर्जी जाति प्रमाणपत्र- पत्रधारितों पर सेवा समाप्ति की कार्यवाही जल्द करवायी जाये।
- जाति प्रमाणपत्र बनाने की प्रक्रिया सरलीकरण संबंधी मांग।
- अनुसूचित जाति ,जनजाति उपयोजना, निधियों का निर्धारण, आवंटन व उपयोगिता को लेकर बजट अधिनियम बनवाना।
- छत्तीसगढ़ लोक सेवा अधिनियम 1994 के प्रावधानों का शत-प्रतिशत लागू करवाने की मांग।
- 5वीं अनुसूची क्षेत्रों की 85 विकासखंडों में स्थानीय प्रशासन का पेसा कानून के तहत प्रभावी क्रियान्वयन करवाना।
- छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता की धारा के तहत अनुसूचित जनजाति की भूमि अंतरण प्रतिबंध में पट्टा को शामिल नहीं करने जारी परिपत्र 17 अगस्त 2016 को तत्काल निरस्त किया जाये।

# दिल्ली जाना सस्ता, वापसी का किराया महंगा, देने पड़ रहे 21 हजार रुपए तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- कुछ अन्य शहरों से रिटर्न टिकट पर खर्च दोगुना

राजधानी रायपुर से इन दिनों दिल्ली जाना तो सस्ता है, मगर वापसी के लिए दोगुनी राशि खर्च करनी पड़ रही है। मंगलवार को रायपुर से दिल्ली का फेयर 7500 के लगभग है, मगर रिटर्न टिकट के लिए 21 हजार रुपये तक देने पड़ रहे हैं। इसी तरह हैदराबाद, इंदौर सहित कुछ अन्य शहरों से वापसी का किराया महंगा है।

ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अब स्कूल की छुट्टियां खत्म होने वाली हैं, इसलिए बाहर गए परिवारों की वापसी की दौर शुरू हो गया है। इसकी वजह से विभिन्न शहरों से रायपुर वापसी की फ्लाइट के लिए यात्रियों को काफी पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। आने वाले दिनों में स्कूल खुलने के साथ बारिश का दौर भी शुरू हो जाएगा, जिससे हवाई यात्रा की स्थिति सामान्य हो जाएगी। अभी शहर से जाने के बजाए लौटने वालों की संख्या अधिक है। इसकी वजह से शहर वापसी का किराया अधिक है। मंगलवार को रायपुर से दिल्ली जाने का टिकट 7500 में मिल रहा है, वहीं वापसी के लिए 20 से 21 हजार रुपये तक देने पड़ रहे हैं। रायपुर-हैदराबाद का फेयर 7 हजार तक है, लेकिन वापसी का फेयर 14 से 16 हजार है।

इसी तरह रायपुर से इंदौर का फेयर 5700 के लगभग है। वहीं वापस रायपुर आने के लिए दस हजार रुपये तक देने पड़ रहे हैं। अभी रायपुर से मुंबई जाने का फेयर 10 हजार तक रुपयए तक है और वापसी का टिकट साढ़े 5 हजार में मिल रहा है। इसी तरह कोलकाता जाने का फेयर 77 सौ से 14 हजार के बीच है और आने का फेयर 55 से 7800 के बीच है।

# जोन 8 हंगामा के उपद्रवियों पर होगी गैर जमानती कार्रवाई, महापौर ने किया आश्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- जोन कार्यालय में घुसकर उपद्रव करने की घटना को बताया निंदनीय

नगर पालिका निगम कर्मचारी एकता संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव और पदाधिकारियों ने सोमवार को महात्मा गांधी सदन पहुंचकर महापौर मीनल चौबे से उनके कक्ष में मुलाकात की।

इस मौके पर पदाधिकारियों ने उन्हें 4 जून को जोन 8 कार्यालय परिसर में की गई घटना से अवगत कराते हुए आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस पर मीनल चौबे ने घटना को निंदनीय और शर्मनाक बताते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जल्द ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर उनसे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों पर गैर जमानती धाराएं लगाकर नियम अनुसार कड़ी कार्रवाई की मांग की जायेगी। निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों की डयूटी पर फील्ड में पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था जिला पुलिस अधीक्षक से मिलकर प्रशासनिक तौर पर विशेषकर कार्रवाई के दौरान पूर्व से निश्चित करवायी जायेगी। महापौर से मिलने गये नगर निगम कर्मचारी एकता संघ के प्रतिनिधिमंडल में संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव, उपाध्यक्ष मोहित दर्रो, श्याम सोनी, अपर आयुक्त विनोद पांडे, जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, अरुण ध्रुव, विवेकानंद दुबे, खीरसागर नायक, उपायुक्त रमाकांत साहू, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, अंशुल शर्मा जूनियर सहित वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिला उद्यमियों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने कैट ने की पहल

- कैट ने मेटा के साथ की व्यापार सखी कार्यक्रम की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महिला उद्यमियो को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने कैट और मेटा ने संयुक्त रूप से पहल करते हुए सोमवार को व्यापार सखी कार्यक्रम की शुरुआत की।

कैट की महिला प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा, प्रदेश महामंत्री पिंकी अग्रवाल एवं महिला प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट ने बताया कि समावेशी आर्थिक विकास और देशभर में महिला-उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल कैट ने मेटा के साथ संयुक्त रूप से की है।'व्यापार सखी' कार्यक्रम जो कि एक राष्ट्रीय मिशन है, जिसका उद्देश्य देशभर में महिला व्यापारियों को डिजिटल टेक्नोलॉजी के ज़रिए अपने व्यापार को सशक्त बनाना है। कैट के महिला प्रदेश अध्यक्ष मधु एवं महिला प्रदेश महामंत्री पिंकी अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया, जिसमें राजधानी की 100 से अधिक महिला उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उन्होंने अपने अनुभव, विचार और उद्यमिता के यात्रा की प्रेरणादायक कहानियां साझा कीं। पदाधिकारी द्वय ने कि इस अवसर पर चांदनी चौक से सांसद तथा कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा की "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में महिला उद्यमिता विज़न के अंतर्गत शुरू किया गया व्यापार सखी कार्यक्रम महिला उद्यमियों, विशेषकर छोटे शहरों और ग्रामीण भारत की महिलाओं को डिजिटल टेक्नोलॉजी अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। इस पहल के माध्यम से महिलाओं को सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग की ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे वे अपने व्यापार को बढ़ा और विस्तारित कर सकें। साथ ही कैट देशभर के संभावित खरीदारों से महिला उत्पादकों को जोड़ने के लिए एक मैच मेकिंग प्रणाली विकसित करेगा, जिससे उनके उत्पादों को नई बाजार संभावनाएं और व्यापक दृश्यता मिलेगी।

## बिजनेस साइट

### सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



रायपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड सिलतरा प्रांगण में 1 से 5 जून 2025 तक पर्यावरण संरक्षण हेतु विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम' पर आधारित गतिविधियों में स्थानीय कॉलोनी व ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरूकता अभियान प्रमुख रहा। मुख्य समारोह का शुभारंभ एसईएमएल के हेड ऑपरेशंस मनोज शाह द्वारा पर्यावरण प्रतिज्ञा के साथ हुआ, जिसमें कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी भी उपस्थित रहे। पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देने हेतु कर्मचारियों को जूट बैग वितरित किए गए तथा पर्यावरण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

### चेनाब और अंजी खाड ब्रिज में आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया की अहम भूमिका

रायपुर। आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया ने भारत के दो प्रतिष्ठित रेलवे प्रोजेक्ट्स चेनाब ब्रिज और अंजी खाड ब्रिज के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाई है। कंपनी ने चेनाब ब्रिज के लिए 25,000 मीट्रिक टन (70%) और अंजी खाड ब्रिज के लिए 7,000 मीट्रिक टन (100%) स्टील की आपूर्ति की। आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया के निदेशक रंजन धर ने कहा कि यह भागीदारी 'विकसित भारत 2047' की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और भविष्य के इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण में भी ऐसी भूमिका निभाने के लिए कंपनी तत्पर है।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# चैंबर भवन में नंबर प्लेट शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और रायपुर परिवहन विभाग की संयुक्त पहल

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और रायपुर परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शहर के महत्वपूर्ण व्यापारिक संघों बंजारी रोड, एमजी रोड, गोल बाजार, इलेक्ट्रिकल मर्चेंट एसोसिएशन और जयराम कॉम्पलेक्स के सहयोग से नंबर प्लेट शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर चैंबर भवन में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चलेगा। मुख्य उद्देश्य वाहन मालिकों को अपने वाहनों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने की प्रक्रिया को सुगम और सुविधाजनक बनाना है। चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने इस पहल पर कहा कि अपने व्यापारिक समुदाय और आम जनता की सुरक्षा और सुविधा के लिए प्रतिबद्ध हैं। परिवहन विभाग के साथ मिलकर इस शिविर का आयोजन करने से वाहन मालिकों को अपने व्यावसायिक और निजी वाहनों के लिए आवश्यक बर प्लेट प्राप्त करने में आसानी होगी, जिससे वे सरकारी नियमों का पालन कर सकें और सुरक्षित महसूस कर सकें।

### चिल्हर की कमी दूर करने स्टेट बैंक प्रमुख से चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि मंडल ने भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख राकेश कुमार सिन्हा एवं मनी चेस्ट के प्रमुख दीपक सिन्हा से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ के व्यापारियों एवं आमजनता को दैनिक व्यवहार और व्यापार में होने वाली चिल्हर और नोट की कमी से अवगत कराया। श्री सिन्हा ने संबंधित ब्रांच से बात कर आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द चैंबर के माध्यम से चिल्हर की कमी को दूर करने के लिए क्वाइन कैंप लगाकर सिक्कों एवं नोट का वितरण किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन, मंत्री राजेंद्र पारेख एवं प्रथम बाफ़ना प्रमुख रूप से शामिल हुए।

# निगम-मंडलों में पद नहीं मिलने से यादव समाज नाराज, राजिम में बनाएंगे रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- यादव ठेठवार समाज महासभा ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

निगम और मंडलों में पद देते समय की गई कोताही से यादव (ठेठवार) समाज महासभा ने नाराजगी जताते हुए 22 जून को प्रांतीय मुख्यालय राजिम में सामाजिक बैठक करने और रणनीति बनाने का भी निर्णय लिया है। इसमें समाज के पदाधिकारी भाजपा द्वारा की गई अनदेखी जैसे अहम मसले पर मंथन करने वाले हैं। समाज हमेशा हिन्दुत्व विचार धारा के साथ रहा है, लेकिन भाजपा ने अनदेखी की है। 36 लाख से ज्यादा की आबादी वाले समाज को स्थान नहीं मिल रहा है।

महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गुलेन्द्र यादव, दाऊराम यादव, देवेन्द्र यादव और समलिया यादव ने प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। बताया कि समाज हर तरह से भाजपा का साथ दिया है। जब भी सहयोग मांगा, समाज ने साथ दिया। अब सत्ता में आने के बाद समाज को नजरअंदाज किया जा रहा है। इसे देखते हुए आगामी 22 जून को राजिम स्थित मुख्यालय में प्रदेशभर के पदाधिकारियों की अहम बैठक की जाएगी। विरोध के लिए रणनीति बनाने के साथ हम जल्द ही सीएम निवास और भाजपा कार्यालय का घेराव करने वाले हैं। इसमें भारी संख्या में समाज के लोग ही नहीं अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े समाज के जनप्रतिनिधियों को भी व्यक्तिगत रूप से समर्थन देने के लिए आग्रह किया है।

# टॉप फ्लोर पर जोन 7 का दफ्तर पब्लिक परेशान, लिफ्ट रहती है खराब

- ग्राउंड फ्लोर पर अब तक शिफ्ट नहीं हुआ दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम का जोन 7 दफ्तर लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। टॉप फ्लोर पर जोन दफ्तर होने से बुजुर्ग, महिलाओं और दिव्यांगों को निगम से संबंधित कार्यों के लिए सीढ़ी चढ़कर ऊपर जाना पड़ता है। लोगों के आने-जाने के लिए एक लिफ्ट लगायी गयी है, पर वह अक्सर बंद रहती है।

नगर निगम की सामान्य सभा में आम जनता को होने वाली परेशानी व शिकायत को देखते हुए एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू ने सदन में यह मामला उठाया। इसमें यह कहा गया कि ग्राउंड फ्लोर पर सी मार्ट वाली जगह खाली है, इसलिए पूर्व की तरह जोन दफ्तर ग्राउंड फ्लोर पर संचालित किया जाये। महापौर मीनल चौबे ने सदन को आश्वस्त किया था कि जोन 7 दफ्तर को ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट कर दिया जायेगा।

**सामान्य सभा से आदेश पारित फिर भी चल रही मनमानी**



**ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट होगा जोन दफ्तर**

आम जनता को होने वाली असुविधा को देखते हुए जल्द ही अग्रसेन चौक समता कालोनी में संचालित जोन 7 का दफ्तर ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट होगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जायेगा। बुजुर्गों, दिव्यांगों सहित आम जनता को जोन दफ्तर आने-जाने में परेशानी ना हो, इस बात का पूरा ध्यान रखा जायेगा।

- **मीनल चौबे,** महापौर, नगर निगम रायपुर

### 0 7 वार्ड के रहवासी पहुंचते हैं जोन कार्यालय

नगर निगम के जोन 7 दफ्तर में 7 वार्ड के रहवासी राशनकार्ड, आधार कार्ड, पेंशन, नल कनेक्शन ,बिजली, पानी, सफाई की समस्या लेकर पहुंचते हैं। पर उन्हें संबंधित अधिकारियों से मिलने 3 फ्लोर तक सीढ़ी चढ़कर जोन दफ्तर पहुंचना पड़ता है। इसके कारण हार्ट के मरीज, कमजोर व उम्रदराज लोग ऊपर चढ़ नहीं पाते। इसकी शिकायत लगातार निगम आयुक्त और महापौर से भी की जाती रही है। चूंकि पूर्व में जोन 7 कमिश्नरी का दफ्तर ग्राउंड फ्लोर में संचालित हुआ करता था, इसलिए आम जनता को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई, पर कांग्रेस शासन काल में ग्राउंड फ्लोर पर संचालित जोन दफ्तर को खाली कराकर यहां राज्य शासन के आदेश पर वनोपज मिलेर्स को बढ़ावा देने रायपुर स्मार्ट सिटी ने इसे सी मार्ट की दुकान खोलने किराये पर दे दिया। चूंकि सी मार्ट की दुकानें खाली हो चुकी हैं, इसलिए जनहित में जोन 7 का दफ्तर ग्राउंड फ्लोर में शिफ्ट कराने की मांग जोर-शोर से हो रही है।



हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 10 जून 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

छग के औषधीय मसालों की देशभर में...

## एजूकेशन अलर्ट

### सहायक शिक्षक विज्ञान के पद पर समायोजन के लिए ओपन काउंसिलिंग 17 से 26 जून तक



**रायपुर।** प्रदेश में सीधी भर्ती 2023 में नियुक्ति उपरांत सेवा समाप्त किए गए 2621 बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन के लिए ओपन काउंसिलिंग की प्रक्रिया होगी। इसके लिए राज्य स्तरीय काउंसिलिंग की कार्यवाही एससीईआरटी परिसर शंकर नगर रायपुर में 17 जून से 26 जून तक की जाएगी। काउंसिलिंग के पश्चात अभ्यर्थी द्वारा चुने गए विद्यालय के लिए नियुक्ति पत्र जारी करना तथा दस्तावेजों का सत्यापन का काम जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा 25 जून से 4 जुलाई तक किया जाएगा। बीएड अभ्यर्थियों को आदेश जारी होने के 7 दिवस के भीतर संबंधित शालाओं में कार्यभार ग्रहण करना होगा। स्कूल शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार काउंसिलिंग के लिए 29 जिलों के 103 विकासखण्डों की 1520 शालाओं से 2621 रिक्त पद लिए गए हैं। इनमें दुर्ग-रायपुर-बिलासपुर एवं जांचा-जांजगीर जिले को शामिल नहीं किया गया है। अधिसूचित क्षेत्रों में बड़ी संख्या में सेजेस शामिल होने के कारण सेजेस विद्यालयों को भी शामिल किय गया है।

#### कैबिनेट की बैठक में निर्णय

यह भी उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में 30 अप्रैल को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में सीधी भर्ती 2023 में नियुक्ति उपरांत सेवा समाप्त किये गये 2621 बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए उन्हें सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन करने का निर्णय लिया गया था। हटाये गए बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के राज्य में रिक्त 4,422 पदों में समायोजित करने एवं समायोजन गैर विज्ञापित पदों पर करने इसी प्रकार कला/विज्ञान संकाय से 12वीं उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों को निर्धारित अर्हता (12वीं गणित/विज्ञान) पूर्ण करने हेतु 3 वर्ष की अनुमति देने का निर्णय लिया गया था।

#### काउंसिलिंग के लिए समय-सारिणी

*काउंसिलिंग प्रविधि की सूचना का प्रकाशन 13 जून को होगा। तिथिवार काउंसिलिंग में शामिल अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन एवं पदांकन हेतु शालाओं की सूची का प्रकाशन 16 जून, ओपन काउंसिलिंग की अवधि 17 जून से 26 जून, जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा नियुक्ति आदेश जारी करने की तिथि 25 जून से 04 जुलाई, अभ्यर्थियों को आदेश जारी होने के 7 दिवस के भीतर शालाओं में कार्यभार ग्रहण करना होगा।*

शहर के संगीत कॉलेजों से गायन, वादन और नृत्य की शिक्षा लेने वाले युवा अब ग्रुप से जमा रहे साख

# संगीत की शिक्षा लेने वाले युवा ग्रुप बनाकर लाइव शो से कमा रहे लाखों रुपए, बॉलीवुड में भी धमक

'गीत-संगीत की अलग-अलग विधा में तालीम लेने वाले युवाओं को कुछ साल पहले तक अच्छी कमाई तो दूर, उनके लिए पहचान बनाना भी बड़ी चुनौती थी। पिछले कुछ वर्षों में शहर के युवाओं ने इस भ्रम को तोड़ते हुए नई परंपरा शुरू की है। कमला देवी और श्रीराम संगीत महाविद्यालय सहित पद्मश्री मदन चौहान से सूफी गायन सीखने वाले कलाकार, अलग-अलग विधा के कलाकारों को जोड़कर ग्रुप के माध्यम से काम करने लगे हैं। इनमें ऐश्वर्या पंडित, गरिमा दिवाकर और विवेक शर्मा जैसे कई नाम हैं, जिन्होंने रायपुर की साख देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी मजबूत की है।'

**रायपुर।** राजधानी में गीत-संगीत के शौकीन और कई बड़े चर्चित फनकार भी निकले, लेकिन कॅरियर के लिहाज से लेने का साहस कुछ लोग ही करने में सफल हुए। इसे देखते हुए अब युवा कलाकार स्वर्णा दिवाकर, रोहन नायडू जैसे कई कलाकार अलग-अलग ग्रुप के माध्यम से स्टेज शो का हिस्सा बनने के साथ म्यूजिक को करियर के रूप में स्वीकार कर चुके हैं। इस कड़ी में बॉलीवुड सेलिब्रिटी सिंगर के रूप में दमदार गायकी का जलवा बिखेरने वाली ऐश्वर्या पंडित ने गायन, वादन और नृत्य जैसी विधा से जुड़े कलाकारों का ग्रुप बनाकर काम करती हैं। इसके लिए दूसरे देशों में भी लाइव शो के लिए ग्रुप लेकर परफॉर्मेंस के लिए जाती हैं। बॉलीवुड के लगभग सभी बड़े म्यूजिक डायरेक्टर्स के साथ काम करने का अवसर मिला, इसमें उनकी टीम उनके ग्रुप का हिस्सा बनती है।



### ग्रुप बनाकर करते हैं काम, हर विधा के कलाकार



कमला देवी संगीत महाविद्यालय से क्लासिकल म्यूजिक में बीए ऑनर्स करने वाली गरिमा दिवाकर अब छत्तीसगढ़ में परिचय की मोहताज नहीं हैं। अलग-अलग विधा में साथी कलाकारों को काम मिले, इसके लिए अंजोर लोककला मंच के नाम से ग्रुप बनाया है। उन्होंने बताया कि वादन, गायन और नृत्य जैसी विधा में महारत रखने वाले 30 युवाओं को जोड़कर काम करते हैं। सबसे ज्यादा प्राइवेट आयोजनों में परफॉर्मेंस का अवसर मिलता है। इसके अलावा संस्कृति विभाग से मिलने वाले काम को मिलाकर ग्रुप सालाना करीब 20 लाख की कमाई करते हैं। मंचीय प्रोग्राम और उनके जॉब को मिलाकर सभी अच्छी कमाई करने के साथ ही छत्तीसगढ़ का नाम देश के दूसरे राज्यों में कला के माध्यम से रोशन कर रहे हैं।

### ग्रुप में काम करने से मिलता है बेहतर अवसर

बॉलीवुड की पार्श्व गायिका ऐश्वर्या पंडित ने शहर के संगीत कॉलेजों से ही अलग-अलग विधा में शिक्षा प्राप्त की है। अब 40 से 50 कलाकारों के साथ ए स्टार इवेंट के नाम से म्यूजिकल ग्रुप चलाती हैं। चर्चा में ऐश्वर्या ने बताया कि संगीत विरासत में मिली। दादा संपत लाल आकाशवाणी के टॉप ग्रेड कलाकार रहे हैं। ऐश्वर्या ने बताया कि म्यूजिकल ग्रुप के माध्यम से फिल्मों में गाने के अलावा भी परफॉर्मेंस करती हूं। यह सही है कि अलग-अलग विधा से जुड़े कलाकार अकेले कुछ बड़ा नहीं कर सकते हैं, लेकिन ग्रुप से जुड़कर काम करने से बेहतर अवसर मिलते हैं। फिल्मों के अलावा जहां भी जाती हूं, रायपुर का जिक्र जरूरत करती हूं। दूसरे कई देशों में जाने का अवसर मिला, जहां शहर के अपने लोग मिले।



### कलाकार के लिए अकेले काम करना आसान नहीं

इसी तरह शहर के विवेक शर्मा ने भजन गायन से गायकी की दुनिया में कदम रखा। उन्होंने बताया कि परिवार में दादाजी और पापाजी संगीत से जुड़े थे। परिवार में ही संगीत का माहौल मिला और भजन गाने लगा। बाद में कमला देवी संगीत महाविद्यालय और गुरु शिष्य परंपरा से जुड़कर अलग-अलग विधा में तालीम ली। शिक्षा के दौरान ही पं. विवेक शर्मा म्यूजिकल ग्रुप बनाया। इससे अलग-अलग विधा के 35 मेंबर्स को जोड़ने के बाद लाइव शो शुरू किया। हर साल 40 से 45 स्टार नाइट प्रोग्राम मिलते हैं। इससे लाखों की इनकम मिलने से सभी मेंबर्स को आय का बेहतर अवसर भी मिलता है। अलग-अलग विधा के कलाकारों का अकेले काम करना आसान नहीं होता है। देश के लगभग सभी राज्यों में स्टार नाइट की प्रस्तुति दी है।



## सिटी इवेंट

### क्रिकेट प्रेमियों को भा रहा सीसीपीएल, भारत के अलावा विदेशों से भी मिल रही लाखों व्यूअरशिप



**रायपुर।** शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन में देश और दुनिया में लोकप्रिय हो चुका है। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के जरिए भारत के साथ 50 देशों में एक साथ मैच का लाइव प्रसारण किया जा रहा है। रोजाना लाखों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी देश-विदेश में सीसीपीएल का आनंद उठा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, देश के अलावा विदेश में भी मैच को व्यूअरशिप मिल रही है। विदेशों में भी हजार से अधिक क्रिकेट प्रेमी इसका लुत्फ उठा रहे हैं। स्पोर्ट्स नेटवर्क पर रोजाना लाखों लोग विभिन्न तरह के खेल देखते हैं। सीसीपीएल के आयोजन के बाद हर दिन टीवी पर मैच देखने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क एप पर भी उपलब्ध होने से सीसीपीएल को आसानी से लाइव देखा जा सकता है।

#### उभरते खिलाड़ियों की बन रही सूची

छत्तीसगढ़ के आईपीएल खिलाड़ियों का कहना है कि सीसीपीएल में सभी खिलाड़ियों को आईपीएल जैसा अनुभव मिल रहा है। जिस तरह हम आईपीएल में सीनियर प्लेयर के साथ क्रिकेट खेलकर नया अनुभव सीखते हैं, वैसे ही विभिन्न जिले के खिलाड़ी सीख रहे हैं। 6 टीम में 2 से 3 खिलाड़ी ऐसे हैं, जो पहले जिले या फिर कैंप मैच खेलते थे, जो अब सीधे सीनियर प्लेयर के साथ खेल रहे हैं। क्रिकेट संघ सीसीपीएल में अच्छा प्रदर्शन दिखाने वाले खिलाड़ियों की सूची भी तैयार कर रहा है, ताकि उभरते खिलाड़ी को बड़े मैचों में अच्छा मौका दिया जा सके।

#### चौथे दिन राजनांदगांव पैंथर्स ने जीता

चौथा मैच 10 जून को रायपुर रायनोज और राजनांदगांव पैंथर्स के मध्य खेला गया। रायपुर रायनोज ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय किया। राजनांदगांव पैंथर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 168 रन बनाए। राजनांदगांव पैंथर्स की ओर से संजित देसाई ने 39 गेंदों में 59 रनों की पारी खेली। उनके अतिरिक्त राहुल नायक ने 34 रनों का योगदान दिया। रायपुर रायनोज की ओर से अमित कुमार यादव, मयंक यादव तथा वैभव साहू ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। 169 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायपुर रायनोज 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 147 रन ही बना पाई। रायपुर रायनोज की ओर से अमित कुमार यादव ने 60 रन व कप्तान अमनदीप खरे ने 43 रनों की पारी से अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। परंतु उनके बाद कोई भी बल्लेबाज लंबी पारी नहीं खेल पाया। राजनांदगांव पैंथर्स की ओर से ऐश्वर्य मार्या ने 2 विकेट लिए।

जनसहयोग से संस्थाएं और युवाओं के समूह समाजसेवा में जुटे

## घायल जीवों के लिए एनिमल सेंचुरी तो बुजुर्गों के लिए आश्रम का निर्माण

**रायपुर।** सरोकार से जुड़कर काम करने वाली संस्थाओं में अब युवाओं के ग्रुप बढ़ने लगे हैं। कोई बुजुर्गों तो कोई स्ट्रीट डॉग्स और एक संस्था तो गोमाता की सेवा में जुटी है। 2013 में कस्तूरी बल्लाल द्वारा शुरू की गई स्ट्रीट डॉग्स की सेवा ने बड़ा रूप ले लिया है। पहले 8-10 स्ट्रीट डॉग्स को रहने और इलाज की सुविधा थी। अब पीपल फॉर एनिमल्स संस्था से एक हजार से ज्यादा लोग जुड़ चुके हैं। कस्तूरी बताती हैं कि हर साल 1500 से दो हजार स्ट्रीट डॉग्स, घायल व बीमार घोड़े, ऊंट, मंकी का इलाज कराते हैं। संस्था ने चंदखुरी में ढाई एकड़ जमीन खरीदी है। जहां शेडयुक्त 25 कमरे जनभागीदारी से वाटिका एनिमल सेंचुरी की तरह बनवा रहे हैं। केयर करने के लिए 25 एक्सपर्ट की टीम सक्रिय रूप से सेवा देती है। इसमें खर्च होने वाली राशि मेंबर्स के अलावा जनसहयोग से जुटाते हैं। रोज 100 जीवों की जांच की सुविधा देते हैं।



#### बीमार और चोटिल गोवंश का इलाज-सेवा

*कुछ इसी तरह का प्रयास प्रदेश के तीन हजार से ज्यादा युवाओं और अलग-अलग वर्ग के गोवंश सेवकों द्वारा भी गुमा-बाना में किया जा रहा है। यहां करीब 12 एकड़ एरिया में लीलावती देवी भगवान दास गोसेवा मंदिर का निर्माण जिंदल परिवार द्वारा किया गया है। जहां 350 से ज्यादा घायल और बीमार गोवंश को रेस्क्यू करके लाने के बाद रखा जाता है। 40 आईसीयू बेड के साथ ही इनके इलाज के लिए डॉक्टर्स की टीम सेवा देती है। गोवंश के साथ ही बछड़े और नंदी को भी गंभीर स्थिति में इलाज के लिए लाया जाता है।*

#### अब 150 बुजुर्गों के लिए बनवा रहे हैं आश्रम

तीन साल पहले तृप्ति लूनिया ने बेसहारा बुजुर्गों का सहारा बनने का निर्णय लिया। तब चार युवा इस काम से जुड़े। जब रेस्क्यू में बुजुर्ग बढ़े तो दावड़ा कॉलोनी में किराए का मकान लेकर रहने-खाने और इलाज की सुविधा देनी शुरू की। तृप्ति की सोच और सेवा को देखते हुए 110 युवा जुड़े हैं। इनके साथ मिलकर पुरानी बस्ती में दान में प्राप्त चार हजार वर्गफीट जमीन पर ऑर्टिस्टिक वाइस फाउंडेशन प्रमुख तृप्ति लूनिया ने जनभागीदारी से मनोहर जीवन कल्याण आश्रम का ग्राउंड फ्लोर और प्रथम तल निर्माण कराना तय किया है। इसमें 150 बेसहारा बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को रहने के लिए एक करोड़ से ज्यादा बजट खर्च करके आश्रम बनवा रही हैं। संस्था द्वारा अभी 14 बुजुर्गों की सेवा की जा रही है। साथ ही बेटे-बहू द्वारा बेघर किए गए 35 बुजुर्गों की काउंसिलिंग के माध्यम से घर वापसी कराई है।

### वैश्य समाज का रक्तदान शिविर 14 को



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की छत्तीसगढ़ प्रदेश की बैठक प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता राजकुमार राठी ने बताया कि बैठक में 14 जून को अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के स्थापना दिवस के अवसर पर मरीन ड्राइव तेलीबांधा में शाम 4 बजे ब्लड डोनेट कैंप लगाया जाएगा। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों सहित पूरे देशभर में यह आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से पूरे देश में जरूरतमंदों को रक्त की आपूर्ति की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से योगेश अग्रवाल, राजकुमार राठी, शिवरतन गुप्ता, अशोक गुप्ता, प्रिया अग्रवाल, रेखा साहू, शंकर मोहता, संतोष श्रीवास्तव, सुब्रत घोष, किरण अग्रवाल, रूपकुमारी साहू सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आधुनिक जीवनशैली के बीच समाजसेवी दिव्यांग बच्चों-बुजुर्गों में बांटते हैं खुशियां

कार्नर न्यूज

## स्पेशल चाइल्ड और बुजुर्गों के सुख-दुख में हो रहे शामिल, ताकि उन्हें अपनेपन का होता रहे अहसास

**रायपुर।** शहर में कुछ ऐसे भी लोग हैं, जो अपना जन्मदिन, शादी की सालगिरह जैसी खुशी के पलों को दूसरों के साथ सेलिब्रेट कर रहे हैं। ये दूसरे कोई नहीं, बल्कि उन दिव्यांग स्कूल, कॉलेज, वृद्धाश्रम, स्लम बस्तियों के स्पेशल बच्चे व बुजुर्ग हैं, जो किसी न किसी वजह से अपनों से दूर हैं या जरूरतमंद हैं। आज की इस भागदौड़ और आधुनिक जीवनशैली में ऐसा करने वाले लोग समाज को अपने नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाने प्रेरित कर रहे हैं। शहर में कोपलवाणी विद्यालय, प्रेरणा दृष्टिबाधित स्कूल, गुरुकुल आश्रम कोसरंगी सहित कई वृद्धाश्रमों, झुग्गी बस्तियों में ऐसा देखने को मिल रहा है। जहां लोग अपने सुख-दुख के पलों को इन बच्चों व बुजुर्गों के साथ सेलिब्रेट कर रहे हैं। बाल विकास अधिकारी अनुपमा तिवारी बताती हैं कि वे जब भी कोई खुशी का पल या फेस्टिवल आता है, समय निकालकर जरूर झुग्गी बस्तियों के बच्चों के पास पहुंच जाती हैं और बर्थ-डे हो या फेस्टिवल, उनके साथ केक काटकर जन्मदिन मनाते हुए मिठाई, कपड़े आदि बांटकर फेस्टिवल को सेलिब्रेट करती हैं। उनका कहना है कि मैं यह सबकुछ करना अपने मता-पिता से सीखी हूं। मैं बच्चपन से देखती आई हूं कि मेरे माता-पिता किसी भी खुशी के मौके पर वृद्धाश्रम जाना तथा जरूरतमंदों का सहयोग करते रहे हैं। उन्हीं से प्रेरित होकर मैं भी अपने आसपास की झुग्गियों में जरूरतमंद बच्चों की मदद और वृद्धाश्रम, स्पेशल चाइल्ड संस्थानों में बुजुर्गों, बच्चों के साथ समय बिताती हूं। बाल विकास अधिकारी अनुपमा तिवारी की तरह ही ऐसे और नागरिक हैं, जो शहर की शोरगुल, चमक-दमक से इतर वृद्धाश्रमों, झुग्गी बस्तियों, स्पेशल चाइल्ड संस्थानों में रह रहे बच्चे, बुजुर्गों के साथ क्वालिटी टाइम बिताकर खुशी की अनुभूति कर रहे हैं। ऐसे लोग वाकई में सकारात्मक सामाजिक वातावरण बनाने की दिशा में भागीदार हैं।



#### फूल व गिफ्ट बांटकर मनाती हैं जन्मदिन

पूज्य श्री सिंधी पंचायत की अध्यक्ष मधु बहादुर का कहना है कि मैं अपने जन्मदिन पर प्रेरणा दृष्टिबाधित स्कूली बच्चों को फूल व गिफ्ट देना नहीं भूलती। इसके अलावा गुरुकुल कोसरंगी के बच्चों को आर्थिक मदद करती हूं। आसपास की झुग्गी बस्तियों के बच्चों व वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को त्योहारों के अवसर पर कपड़े, मिठाई बांटना कभी नहीं भूलती। सप्ताह में एक बार जरूर स्वयं जाकर या फोन के माध्यम से वृद्धाश्रम, स्कूलों के संचलकों से बात कर हालचाल लेती रहती हूं।

#### आश्रम के सदस्यों को घर पर कराते हैं भोजन

समाजसेवा से जुड़े अमिताभ दुबे बताते हैं कि वे शहर के चितवन आश्रम में वृद्धजनों को महीने में एक बार जरूर अपने घर पर भोजन के लिए आमंत्रित करते हैं। साथ ही उनके साथ परिवार के सदस्य के रूप में बैठकर भोजन भी करते हैं। इसके अलावा सुबह समय निकालकर उनके साथ खुद योगा, भजन भी करते हैं। ऐसा करके जहां आश्रम के बुजुर्ग सदस्यों को अपनेपन का अहसास होता है तो मन को आत्मिक संतुष्टि मिलती है।

**सिटी लाइव**

## मेधावी छात्रों को देंगे परशुराम तुलसी सम्मान निधि का सहयोग



**रायपुर।** सरयूपारिण ब्राह्मण समाज की आमसभा तुलसी भवन में हुई। जहां सचिव राजेश त्रिपाठी ने प्रस्ताव रखा कि आगामी वर्ष से 12वीं की परीक्षा में अधिकतम अंक लाने वाले विद्यार्थियों में एक छात्र को परशुराम सम्मान निधि के रूप मे 5100 रुपए एवं एक छात्रा को तुलसी सम्मान निधि के रूप मे 5100 रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग देने का आमसभा में निर्णय लिया है। इस प्रोत्साहन राशि को जनसहयोग से दिया जाएगा। समाजजनों में से अपने पूर्वजों के नाम से सहयोग देने के लिए नौ सदस्यों ने सहमति दी है। उन्होंने 11-11 हजार रुपए की सहयोग राशि इस नई पहल को आगे बढ़ाने के लिए पूर्वजों के नाम से देने की हामी भरी है।

### चौक-चौराहों पर पूजा का निर्णय

समाज के प्रवक्ता संजय तिवारी ने बताया कि आमसभा में ही नौ सदस्यों ने छात्रवृत्ति की घोषणा पर मुहर लगाई है। इसे आगामी वर्ष से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। आमसभा में आराध्य देव भगवान परशुराम का जन्मदिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। विधिसम्मत सहमति के बाद सप्ताह में एक दिन प्रमुख चौक-चौराहों पर पूजा व प्रसाद का वितरण किया जाएगा। अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला को सभी ने बेहतर पहल के लिए साधुवाद दिया। संरक्षक मंडल से दयाशंकर, राममूरत तिवारी, राजेंद्र शर्मा, बैजनाथ मिश्रा, डीएस परोहा, कैलाश तिवारी, आरएल द्विवेदी, सीमा पांडे, कुसुम त्रिपाठी, अपर्णा तिवारी शामिल रहीं।

**प्रदेश में लगातार बढ़ती जा रही मसालों की खेती, किसानों को भी मिल रहा लाभ**

# छग के औषधीय मसालों की देशभर में धाक, कृषि विवि ने तैयार की धनिया की दो किस्में, 7 राज्यों में कर रहे सप्लाई

छत्तीसगढ़ में मसालों की खेती की महक दूसरे राज्यों तक पहुंच रही है। देशभर में भी औषधीय गुणों वाले छत्तीसगढ़ के मसालों की मांग देखी जा रही है। प्रदेश में हल्दी, धनिया, मिर्च, जीरा और सौंफ आदि मसालों की खेती हो रही है। विशेष रूप से बस्तर क्षेत्र में उगाई जाने वाली 'बस्तर हल्दी' अपनी उच्च गुणवत्ता और औषधीय गुणों के लिए प्रसिद्ध है। राष्ट्रीय जड़ी-बूटी एवं मसाला दिवस पर हरिभूमि ने प्रदेश में उत्पादित होने वाली मसालों की खेती की जानकारी ली।

**रायपुर।** कृषि विवि के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में जो किसान धान व अन्य परंपरागत फसलों की खेती करते रहे हैं, वे अब मसालों की खेती की ओर भी रूख कर रहे हैं। जलवायु और मिट्टी मसालों की खेती के अनुकूल होने के कारण उत्पादन भी अच्छा हो रहा है। वर्तमान में मसालों का उत्पादन चार लाख मीट्रिक टन से भी अधिक है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार छत्तीसगढ़ की जलवायु मसालों के उत्पादन के अनुकूल है। इसलिए यहां मसालों की खेती लगातार बढ़ती जा रही है। राज्य में हल्दी, अदरक, लाल मिर्च, अजवाईन, ईमली, लहसुन की खेती की जा रही है। हल्दी, धनिया, मेथी, लहसून, मिर्च, अदरक की खेती छत्तीसगढ़ के लगभग सभी क्षेत्रों में की जा रही है। वहीं बलरामपुर, बिलासपुर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही और मुंगेली में अजवाइन व कोंडागांव में काली मिर्च की खेती भी की जा रही है।

### प्रदेश में हल्दी का उत्पादन सर्वाधिक

मसालों की खेती के रकबे के साथ-साथ उत्पादन में भी तेजी से इजाफा देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में 2023 से 66081 हेक्टेयर में मसालों की खेती हो रही है और लगभग 4 लाख 50 हजार 849 मीट्रिक टन मसालों का उत्पादन हुआ है। छत्तीसगढ़ में हल्दी का रकबा और उत्पादन सबसे अधिक है। उसके बाद अदरक, धनिया, लहसुन, मिर्च, इमली की खेती की जा रही है।







### किसानों को मिल रही भरपूर आमदनी

धनिया की खेती करने वाले कृषक मयंक तिवारी बताते हैं कि एक हेक्टेयर में बोने पर लगभग 20 हजार रुपए का खर्च आता है। वहीं फसल तैयार होने पर इसकी बिक्री से 60 से 65 हजार तक की आमदनी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि सभी खर्च काटकर 40 से 45 हजार की शुद्ध आमदनी होती है। बलौदाबाजार जिले में हल्दी की खेती करने वाले महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष लोकेश्वरी बाई ने बताया कि एक एकड़ में हल्दी लगाई है, जिस पर 50000 रुपए की लागत लगी है। फसल काफी अच्छी हुई तथा औसत उत्पादन 50-60 क्विंटल प्राप्त होने की संभावना है, जिसमें से 5 क्विंटल की खुदाई हो गयी है जिसे पीसकर पैकिंग कर किराना दुकान में बेच रहे हैं, जिससे 60-65 हजार की आमदनी हुई है।

**राष्ट्रीय जड़ी-बूटी और मसाला दिवस**

### मसालों की नई किस्म पर शोध

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि बीते सालों में मसालों के बीजों पर शोध किया जा रहा है, जिसमें धनिया की दो किस्में सीजी धनिया व सीजी चन्द्राहु धनिया विकसित की गई है, जिससे अच्छी फसल प्राप्त हो रही है। इसकी स्थानीय स्तर के अलावा अन्य 7 राज्यों में आपूर्ति की जा रही है। इसी तरह हल्दी की भी नई किस्म विकसित की गई है। बताया कि छत्तीसगढ़ में मसाला फसलों की बहुत अच्छी संभावना है।

**आराधना**

## मां गोदावरी आनंद वन आश्रम में वेद मंत्रों की गूंज, मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा



**रायपुर।** मां गोदावरी आनंद वन आश्रम गोमची में स्थित नवीन मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव विधि-विधान से संपन्न हुआ। इस तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान नवीन मंदिर में श्रीराम, माता दुर्गा, श्री हनुमानजी सहित अनेक देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत पूजन एवं हवन मंत्रोच्चार के माध्यम से संपन्न हुई। इससे बुजुर्गों के इस पवित्र सेवा स्थल में एक नई आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। आश्रम परिसर में नवनिर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह बड़े ही भक्तिभाव, विधि-विधान और वेद मंत्रों की गूंज ने वातावरण को आलौकिक बना दिया। तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन राजधानी के शंकराचार्य आश्रम के प्रमुख डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज के प्रमुख आतिथ्य में आचार्य धर्मेंद्र महाराज, महेंद्र महाराज के सान्निध्य में हुआ। नवीन मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के दौरान देश के प्रतिष्ठित आचार्यों एवं विद्वान पंडितों द्वारा वेद-पुराणों के मंत्रोच्चार, भागवत कथा, हवन और भक्ति संगीत की प्रस्तुति ने समस्त वातावरण को दिव्य बना दिया।

### भजन कीर्तन से श्रद्धालु हुए आनंदित

समारोह के दौरान भोजन प्रसादी, भजन कीर्तन और मंदिर की भव्य सजावट ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। यह कार्यक्रम न सिर्फ आश्रम के बुजुर्गों, बल्कि पूरे ग्राम गोमची और आसपास के क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक धार्मिक उत्सव बन गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनुराग पाण्डेय सेवानिवृत्त कलेक्टर, ज्ञानेश शर्मा, प्रहलाद रजक, विजय सिन्हा, राजेंद्र शर्मा, परमेश्वर वर्मा, हर्षवर्धन तिवारी, संजीव तिवारी, राजा शिवहरे, गौरव साहू, विकास तंबोली, मोंटी साहू, धर्मेंद्र साहू, गोपी देवांगन, मधु राय, ललित साहू, सावित्री रजक, अंजलि नंदराम गंधर्व, लेखमणि पांडेय, जय पांडेय, दीपक तिवारी, डीके तिवारी, संजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## पेड़ से सीखें समानता का पाठ, बिना भेदभाव के दें सबको सम्मान

**रायपुर।** कचना स्थित आनंदम वर्ल्ड सिटी के श्री मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय में प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन प्रन्यास प्रवर गणाधीश विनय कुशल मुनि जी विराट तपस्वी गणी विरगमुनि जी आदि ठाणा की पावन निश्रा में मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के साथ मंदिर का भूमिपूजन किया गया। सुबह स्नात्र पूजन के साथ शासन रत्न विश्व विख्यात विधिकारक मनोज बाबूमल जी हरण के कुशल मार्गदर्शन में धार्मिक अनुष्ठान और पूजा-अर्चना शुरू हुई। मुनिश्री मुनि सुव्रत स्वामी जैन श्वेतांबर संघ के मनोज कोठारी एवं जैन श्री संघ के अध्यक्ष संजय गिड़िया ने बताया कि प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान सोमवार को सुबह मंदिर में गुरु भगवंत एवं प्रभुजी का मंगल प्रवेश हुआ। स्नात्र पूजन के बाद जिनालय खनन मुहूर्त पर मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन, अट्ठारह अभिषेक और विधि-विधान से चल मंदिर की प्रतिष्ठा हुई। धर्मसभा में गुरु भगवंत ने सभा को संबोधित किया।

**मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन, अट्ठारह अभिषेक और विधि-विधान से चल मंदिर की हुई प्रतिष्ठा**





### आम के पेड़ से सीखना चाहिए

प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान विराट तपस्वी विरागमुनिजी ने कहा कि हमें लघुता से प्रभुता की ओर बढ़ना है। हमारे चारों ओर प्रकृति के अद्भुत उदाहरण हैं, जो हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। विशेष रूप से आम का पेड़ और खजूर का पेड़, हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकते हैं। आम का पेड़ न केवल स्वादिष्ट फल देता है, बल्कि अपनी छांव भी प्रदान करता है। जब कोई पत्थर उसे मारता है तो वह फल गिराता है, लेकिन अपनी छांव बरकरार रखता है। यह दर्शाता है कि हमें जीवन में कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपनी अच्छाई और सकारात्मकता को बनाए रखना चाहिए। जैसे आम का पेड़ बिना किसी भेदभाव के सभी को छांव देता है, वैसे ही हमें भी अपने आचरण में समानता बनाए रखनी चाहिए। वहीं खजूर का पेड़ अकड़कर खड़ा रहता है। उसका फल दूर होता है और वह छांव भी नहीं देता। यह हमें यह सिखाता है कि केवल दिखावे और अहंकार से कुछ हासिल नहीं होता। हमें अपने अंदर की अच्छाई और विनम्रता को विकसित करना चाहिए, ताकि हम समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें।

## शिवाजी महाराज राज्याभिषेक दिवस घी के 365 दीपों से की महाआरती



**रायपुर।** तात्यापारा चौक स्थित शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा के समक्ष शिवाजी महाराज का 352वां राज्याभिषेक दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। सोमवार को शाम 6.30 बजे आतिशबाजी व घी के 365 दीए प्रज्ज्वलित कर शिवाजी महाराज की महाआरती की गई। महाराष्ट्र मंडल की युवा समिति के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में शंखनाद के बाद 365 दीयों से महाआरती की गई। इसमें महाराष्ट्र युवा समिति के सदस्य व समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के समन्वयक विनोद राखुंडे ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज की घोड़े पर सवार भव्य प्रतिमा के सामने मंडल के सदस्यों ने एकजुट होकर हर्षोल्लास के साथ प्रतिमा की पुष्प, दीप, शंखनाद से भव्य पूजा-आरती की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लौह शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा सहित विशेष अतिथि तात्यापारा वार्ड की पार्षद श्वेता विश्वकर्मा और कुनबी समाज के प्रदेश संरक्षक एसएस ब्राह्मणकर, महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, मंडल के कार्यकारिणी सदस्य, विभिन्न समितियों के पदाधिकारी व सभासद, महिला केंद्रों की संयोजिका-सह संयोजिका के अलावा तात्यापारा हनुमान मंदिर समिति की कार्यकारिणी व सदस्य, मराठा, कुनबी, तेली, स्वर्णकार, कलार समाज सहित समस्त मराठी भाषी समाजों के पदाधिकारियों के साथ-साथ सदस्यों ने शामिल होकर सामाजिक एकता का संदेश दिया।

### बच्चे शिवाजी महाराज की वेशभूषा में आए नजर

शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस के इस अवसर पर समाज के बच्चों ने फैंसी ड्रेस में शिवाजी महाराज व उनके परिजनों की वेश में मंच पर परिचय प्रस्तुत किया। इस दौरान आकर्षक आसमानी आतिशबाजी भी की गई। इसके अलावा युवा पीढ़ी के लिए आज भी प्रासंगिक हैं छत्रपति शिवाजी' विषय पर वक्तव्य भी दिया गया। इस तरह से बच्चे-बड़ों सभी ने मिलकर उत्साह के साथ शिवाजी महाराज का 352 वां राज्याभिषेक दिवस मनाया।

**गायत्री नगर जगन्नाथ मंदिर के प्रमुख पुरंदर मिश्रा ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी**

## विधि-विधान से स्नान पूर्णिमा पर मंडप में प्रवेश करेंगे प्रभु जगन्नाथ

**रायपुर।** भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की द्वादश यात्राओं में से प्रमुख स्नान यात्रा 11 जून को विधि-विधान के साथ गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में संपन्न होगी। ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन श्री विग्रहों की पवित्र स्नान यात्रा से जुड़े विधान किए जाएंगे। प्रातः पूजा के बाद विग्रहों को डोर लगाने के बाद घण्टा काहाल और छत्री सहित स्नान मंडप के लिए यात्रा शुरू होगी। मंदिर प्रांगण में पत्रकारवार्ता के दौरान यह जानकारी जगन्नाथ मंदिर के संस्थापक, अध्यक्ष एवं विधायक पुरंदर मिश्रा में दी। उन्होंने बताया कि 11 जून को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की स्नान यात्रा संस्कृति के अनुरूप की जाएगी। देवी शीतला के सामने सूना कुंआ नाम के कूप से 108 कलशों के जल से शास्त्रोक्त विधि के तहत श्री विग्रहों का स्नान होता है।



### रथ यात्रा को उत्सव का रूप देने की तैयारी

स्नानवेदी पर विराजमान श्री विग्रहों को हाथीवेश या गजानन वेश से अलंकृत किया जाता है। इसके बाद स्नान पूर्णिमा से आषाढ़ अमावस्या तक श्री विग्रह अणसर (अस्वस्थ या क्वारेंटाइन) में रहते हैं। 26 जून को जगन्नाथजी का नेत्र उत्सव होता है। इसके बाद 27 जून को इस बार भी रथ यात्रा अत्यंत धूमधाम से मनाई जाएगी। इसमें राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री सहित सभी प्रमुख लोग शामिल होंगे। इस साल भी उत्सव के लिए तैयारियों का दौर अंतिम रूप में है। रथ यात्रा के लिए तीन अलग-अलग रथों के पहिए का रंगरोगन किया जाएगा। इस बार भी जगन्नाथ रथ यात्रा को उत्सव का रूप देने के लिए जिम्मेदारी तय की गई।



## सिटी स्पोर्ट्स

# चयनित बॉडी बिल्डर्स 13 जून को जाएंगे गाजियाबाद और दिल्ली



**रायपुर।** दल्लीराजहरा में 8 जून को ओपन बॉडी बिल्डिंग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में रायपुर जिले के राजेश यादव मिस्टर छत्तीसगढ़ और भिलाई के मानस कामड़े मिस्टर मेंस फिजिक चुने गए। साथ में बस्तर टाइगर के नाम से फेमस खुशबू नाग 22 इंची ब्वॉय सैफ की भी बॉडी बिल्डिंग सभी छग के बॉडी बिल्डर्स को देखने को मिली। रायपुर जिले के दो बॉडी बिल्डर वासु साहू तीसरा स्थान और मेन्स फिजिक में आलोक शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस संबंध में छग बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के महासचिव मानिक ताम्रकार ने बताया कि बॉडी बिल्डिंग के मुख्य निर्णायक मानिक ताम्रकार रायपुर, तामेश्वर बंजारे राजनांदगांव, बालोद के बोधन राम थे। 14 जून को गाजियाबाद में मि. इंडिया की खिताब जीतने के लिए छग से चयनित बॉडी बिल्डर्स में राजेश यादव, आलोक शर्मा, सन्नी साहू, लीलाराम नेताम, कन्हैया लाल यादव, परमानंद तांडी, डोमेंद्र साहू, छगन साहू, कुबेर यादव, भरत मंडावी, संजय ध्रुव, प्रवीण जाधव, अंशु कटियार, दिव्यांग बॉडी बिल्डर अश्विन सोनवानी छग की टीम में शामिल हैं। सभी बॉडी बिल्डर्स 13 जून को गोंडवाना एक्सप्रेस से दिल्ली और गाजियाबाद जाएंगे। दल्लीराजहरा बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में संचालन शीतलेश पटेल और आभार प्रदर्शन हरिनाथ ने किया।

## वैदिक ज्योतिष

# 12 महीने बाद बनेगा बुधादित्य राजयोग, इन राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम

वैदिक पंचांग मुताबिक ग्रह समय- समय पर राशि परिवर्तन करके शुभ और राजयोग का निर्माण करते हैं। आपको बता दें 15 जून को सूर्य के गोचर से मिथुन राशि में बुधादित्य राजयोग का निर्माण होने जा रहा है। यह राजयोग व्यापार के दाता बुध और ग्रहों के राजा सूर्य देव की युति से बनेगा। जिसका प्रभाव सभी राशियों पर देखने को मिलेगा।

**मिथुन राशि** : बुधादित्य राजयोग मिथुन राशि के जातकों को अनुकूल साबित हो सकता है। क्योंकि यह योग आपकी राशि से प्रथम स्थान पर बनने जा रहा है। इसलिए इस अवधि आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। इस दौरान सामाजिक रूप से आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। जो लोग साझेदारी में व्यापार करते हैं उन्हें कोई नया साझेदार मिल सकता है। साथ ही इस समय सूर्य देव के प्रभाव से आपको मान- सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी।

**वृष राशि** : वृष राशि के लोगों को बुधादित्य राजयोग का बनना सकारात्मक सिद्ध हो सकता है। क्योंकि यह राजयोग आपकी गोचर कुंडली से दूसरे भाव पर बनने जा रहा है। इसलिए इस दौरान आपको आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं। जो लोग मीडिया, लेखन, या कला के क्षेत्र से जुड़े हैं इस दौरान उनकी प्रतिभा देखने लायक होगी। नौकरी में प्रमोशन और बिज़नेस में लाभ होने के पूरे योग हैं।

**तुला राशि** : बुधादित्य राजयोग का बनना तुला राशि के लोगों को लाभप्रद साबित हो सकता है। क्योंकि यह राजयोग आपकी गोचर कुंडली से भाग्य भाव में बनने जा रहा है। इसलिए इस समय आपको भाग्य का साथ मिल सकता है। साथ ही आप देश- विदेश की याभा कर सकते हैं।घर- परिवार में कोई धार्मिक या मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है।साथ ही इस दौरान आपके बैंक- बैलेंस में बढ़ोतरी हो सकती है।

# जुलाई में मंगल और शनि की चाल में होगा बदलाव, इन राशियों का चमक सकता है कॅरियर और कारोबार

वैदिक ज्योतिष अनुसार ग्रह समय- समय पर अपनी चाल में बदलाव करते हैं, जिसका व्यापक प्रभाव मानव जीनव के साथ देश- दुनिया पर देखने को मिलता है। आपको बता दें कि जुलाई के महीने में 30 साल शनि देव मीन राशि में वक्री होने जा रहे हैं और वहीं ग्रहों के सेनापति मंगल ग्रह कन्या राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं। ऐसे में इन दोनों ग्रहों की चाल में बदलाव से कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है। साथ ही इन राशियों की धन- संपत्ति में अपार बढ़ोतरी हो सकती है, आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं

**मकर राशि** : आप लोगों के लिए मंगल और शनि देव की चाल में बदलाव लाभप्रद सिद्ध हो सकता है। क्योंकि शनि देव आपकी राशि से तीसरे भाव पर वक्री तो वहीं मंगल ग्रह आपकी गोचर कुंडली के भाग्य स्थान पर संचरण करने जा रहे हैं। आपको किस्मत का साथ मिल सकता है। वहीं आप काम- कारोबार के संबंध से यात्रा कर सकते हैं। आप कोई वाहन या प्रापर्टी खरीद सकते हैं।

**धनु राशि** : मंगल और शनि देव की चाल में बदलाव होना धनु राशि के जातकों को शुभ फलदायी सिद्ध हो सकता है। क्योंकि मंगल ग्रह आपकी राशि से कर्म पर गोचर करेंगे तो वहीं शनि देव आपकी गोचर कुंडली के चतुर्थ भाव पर वक्री होंगे। कार्यस्थल पर जूनियर और सीनियर का साथ मिल सकता है। वहीं इस समय आप कोई वाहन या प्रापर्टी खरीद सकते हैं।

**मीन राशि** : आप लोगों के लिए शनि देव का वक्री होना और मंगल ग्रह का गोचर सकारात्मक सिद्ध हो सकता है क्योंकि शनि देव आपकी राशि से लग्न भाव पर तो वहीं मंगल ग्रह सप्तम स्थान पर गोचर करने जा रहे हैं। इसलिए इस समय आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

### मच्छरों की संख्या बढ़ जाती हैं, जो डेंगू और मलेरिया आदि फैलाते हैं

# मानसून में तेजी से फैलती हैं संक्रामक बीमारियां सुरक्षा व सावधानी ही बचने का कारगर तरीका

मानसून का आगमन हो चुका है, जिस दौरान गर्मी से तो राहत मिलती है। हालांकि, इस मौसम में जगह-जगह पानी भर जाता है, आद्रता बढ़ जाती है और तापमान ठंडा हो जाता है। इन कारकों के चलते लोग बीमार पड़ने लगते हैं और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। इतना ही नहीं, मानसून में मच्छरों की संख्या भी बढ़ जाती हैं, जो डेंगू और मलेरिया आदि फैलाते हैं। बरसात के दौरान इन बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।



## मौत तक का कारण बन जाता है डेंगू

डेंगू मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी है, जो वैश्विक स्तर पर लाखों मौतों का कारण बनती है। यह बीमारी मानसून में बढ़ जाती है, क्योंकि सड़कों पर भरा पानी एडीज मच्छर के लिए प्रजनन स्थल बन जाता है। इसके लक्षणों में बुखार होना, प्लेटलेट्स की संख्या में कमी आना और चकत्ते निकलना शामिल होता है। डेंगू से बचाव के लिए ढके हुए कपड़े पहनें, घर में मच्छर भगाने वाली मशीन जलाएं और उनसे सुरक्षा करने वाली क्रीम लगाएं।

## मच्छर जनित बीमारी चिकनगुनिया

चिकनगुनिया बुखार मुख्य रूप से मच्छरों के काटने पर फैलता है, जो एसी, फ्रिज, पौधों, बर्तनों और पानी की पाइपों में पाए जाने वाले स्थिर पानी में पैदा होते हैं। एडीज एल्बोपिक्टस मच्छर इस बीमारी को फैलाने के लिए जिम्मेदार होता है। चिकनगुनिया होने पर जोड़ों के दर्द, तेज बुखार और थकान जैसे लक्षण नजर आते हैं। चिकनगुनिया से बचने के लिए साफ-सफाई का ध्यान रखें और कहीं भी पानी न भरने दें।

## तेल की चीजें व पानी से पेट का संक्रमण

मानसून के दौरान सभी पकौड़े, समोसे और छोटे-भटूरे जैसे तले-भुने स्ट्रीट फूड का आनंद लेते हैं। सड़क किनारे बिकने वाले इन व्यंजनों पर कीड़े और संक्रमित मच्छर बैठते हैं, जिससे वे दूषित हो जाते हैं। जब हम इन दूषित व्यंजनों का सेवन करते हैं तो हमारा पेट खराब हो जाता है और पेट के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इस बीमारी से बचने के लिए आपको रोजाना गर्म पानी पीना चाहिए और घर का बना खाना ही खाना चाहिए।

## सबसे ज्यादा फैलने वाली बीमारी मलेरिया

मलेरिया एक खतरनाक बीमारी है, जो मच्छर के काटने से होती है। यह बीमारी मानसून में सबसे ज्यादा फैलती है और लोगों को कमजोर कर देती है। यह बीमारी मादा एनोफिलीज मच्छर के कारण फैलती है, जो जलभराव वाले क्षेत्रों में प्रजनन करते हैं। इस बीमारी में बुखार, कमजोरी, ठंड लगना, पसीना आना और खून की कमी जैसे लक्षण नजर आते हैं। बचाव के लिए घर को साफ रखें, आस-पास पानी न भरने दें और मच्छरों से बचकर रहें।

# 12 साल बाद बनने जा रहे हैं दो शक्तिशाली राजयोग, इन राशियों को होगा अचानक धन लाभ

जून का महीना ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद खास रहने वाला है। इस महीने ग्रहों की एक दुर्लभ युति बनने जा रही है, जो कई राशियों के लिए सौभाग्य लेकर आएगी। वैदिक पंचांग के अनुसार, 15 जून को सूर्य के मिथुन राशि में प्रवेश करते ही सूर्य, बुध और गुरु की युति से त्रिग्रह योग का निर्माण होगा। ज्योतिषियों के अनुसार, यह संयोग लगभग 12 साल बाद बन रहा है। इस दौरान बुध अपनी स्वराशि में होंगे और सूर्य व गुरु के साथ मिलकर तीन बड़े राजयोग – गुरु आदित्य योग, बुधादित्य योग और भद्र राजयोग बनाएंगे। ग्रहों की इस शुभ स्थिति के बीच इन 3 राशियों को लाभ मिल सकती है।



**वृषभ राशि** : वृषभ राशि के लिए यह त्रिग्रह योग दूसरे भाव में बन रहा है, जो परिवार, वाणी और धन का भाव होता है। ऐसे में इस योग से आपको पैतृक संपत्ति का लाभ मिल सकता है। जो लोग लंबे समय से संपत्ति विवाद में उलझे हैं, उन्हें समाधान मिलने की संभावना है। वहीं इस दौरान मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है। यदि आपका धन कहीं अटका हुआ है तो वह वापस मिलने के योग बन रहे हैं।

**तुला राशि** : तुला राशि के लिए त्रिग्रह योग भाग्य स्थान यानी 9वें भाव में बन रहा है। यह समय आपके भाग्य को प्रबल करने वाला रहेगा। इस दौरान आपको अपने पिता का पूर्ण सहयोग मिलेगा और आप किसी तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं। सरकारी नौकरी के इच्छुक लोगों के लिए भी यह समय अनुकूल है। जो लोग किसी मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी पाना चाहते हैं, उन्हें भी अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

**कुंभ राशि** : कुंभ राशि के लिए यह त्रिग्रह योग पंचम भाव में बन रहा है, जो विद्या, संतान और रचनात्मकता का स्थान है। साथ ही शनि की साढ़ेसाती का अंतिम चरण चल रहा है, ऐसे में ग्रहों की यह युति आपकी मेहनत का फल दिलाने में मदद करेगी। माता-पिता को संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य के लिहाज से पेट संबंधी परेशानियों में राहत मिलेगी।

# आम के सीजन में मेहमानों को बनाकर खिलाएं फलों के राजा की आइसक्रीम

आम गर्मी का सबसे पसंदीदा फल है, जो न केवल स्वाद का भंडार होता है, बल्कि कई स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। इस फल को ऐसे ही खाने के साथ-साथ लोग इसके कई स्वादिष्ट व्यंजन बनाना भी पसंद करते हैं। हालांकि, गर्मी के मौसम में आम की आइसक्रीम सबसे ज्यादा अच्छी लगती है। अगर आपके बच्चे आइसक्रीम खाने की जिद कर रहे हैं तो उन्हें आम की ये आइसक्रीम बनाकर खिलाएं।इन सभी की रेसिपी भी आसान हैं।

**आम वाली कुल्फी** : कुल्फी भारत की अपनी आइसक्रीम है, जिसके स्वाद का कोई मुकाबला ही नहीं किया जा सकता। आम वाली कुल्फी बनाने के लिए सबसे पहले कुछ आमों की गुठली निकालकर उनमें सुराख बना लें। अब एक कड़ाही में दूध गर्म करें और उबाल आने पर उसमें चीनी, इलायची पाउडर, मेवे और केसर मिला दें। इसमें आम की पियूरी और आम के टुकड़े डालें और ठंडा करके आमों में भरकर जमा लें। भरे हुए आमों को काटें और कुल्फी का आनंद लें।

**आमची आइसक्रीम** : इंटरनेट पर आमची आइसक्रीम की बहुत चर्चा होने लगी है, जो आम के आकार की आइसक्रीम होती है। यह बिलकुल समूचे आम जैसी दिखती है, जिसकी बाहरी परत सफेद चॉकलेट की होती है। इसके लिए एक आम की गुठली निकालकर उसे फ्रिज में सेट करें। अब ब्लेंडर में आम, कंडेंस्ड दूध, मलाई और दूध डालकर मिक्स कर लें और आम में भरकर रातभर जमने दें। इसे छीलकर इसपर सफेद चॉकलेट की परत लगाएं और जमाकर खाएं।



**आम पन्ना पॉपसिकल** : अगर आपको आम से ज्यादा अमिया पसंद है तो उससे आम पन्ना पॉपसिकल बनाकर खाएं। ये मिनटों में बनकर तैयार हो जाती हैं और बच्चों को खास तौर से पसंद आती हैं। इसके लिए कच्चे आमों के डंठल निकालकर उन्हें भाप में पकाएं। अब उन्हें छीलकर उनका पल्प निकालें और मिक्सी में डालें।

**आम की लस्सी वाली आइसक्रीम** : यूं तो आम, लस्सी और आइसक्रीम गर्मी के 3 पसंदीदा व्यंजन हैं, लेकिन आप इन्हें एक साथ मिलाकर आम की लस्सी वाली आइसक्रीम बना सकते हैं। इसके लिए आम को छीलकर काट लें और मिक्सी में चीनी के साथ पीस लें।




# शुरुआती कलाकारों के लिए बहुत काम के हैं ये गुण, पोर्ट्रेट ड्राइंग में आएगा निखार

पोर्ट्रेट ड्राइंग एक कला है, जिसमें किसी व्यक्ति के चेहरे और व्यक्तित्व को चित्रित किया जाता है। यह कला न केवल तकनीकी कौशल मांगती है, बल्कि गहरी समझ और संवेदनशीलता भी जरूरी होती है। इस लेख में हम कुछ जरूरी टिप्स पर चर्चा करेंगे, जो शुरुआती कलाकारों के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इन टिप्स की मदद से आप अपनी पोर्ट्रेट ड्राइंग को और बेहतर बना सकते हैं और अपने कला कौशल को निखार सकते हैं।

**सही उदाहरण चुनें** : उदाहरण का चयन पोर्ट्रेट ड्राइंग का पहला कदम है। सही उदाहरण चुनने से आपको चित्रित व्यक्ति के चेहरे, बालों और त्वचा की बनावट को समझने में मदद मिलती है। इससे आप सही माप को समझ सकते हैं, जो आपके चित्र को अधिक वास्तविक बनाता है। इसके अलावा सही उदाहरण चुनने से आपको रंगों और शेडिंग का सही उपयोग करने में भी मदद मिलती है, जिससे आपका पोर्ट्रेट और भी आकर्षक और जीवंत दिखता है।

**हल्के हाथ से स्केच बनाएं** : पोर्ट्रेट ड्राइंग शुरू करने से पहले हल्के हाथ से स्केच बनाएं। यह कदम आपके चित्र की मूल संरचना को बनाने में मदद करता है।स्केचिंग करने से पहले चेहरे के प्रमुख हिस्सों जैसे आंखें, नाक और मुंह की स्थिति को ध्यान से देखें और मार्क करें। इसके बाद धीरे-धीरे चेहरे के आकार को सही करें। यह प्रक्रिया आपके चित्र को अधिक सटीक और संतुलित बनाएगी, जिससे आपका पोर्ट्रेट अधिक आकर्षक और वास्तविक दिखेगा।

**शेडिंग का सही उपयोग करें** : शेडिंग का सही उपयोग आपके पोर्ट्रेट ड्राइंग को गहराई देता है। हल्के हाथ से हल्के ग्रे पेंसिल या चारकोल का उपयोग करके चेहरे पर हल्की छायाएं डालें। ध्यान रखें कि हाइलाइट हिस्सा कहां है और उसके अनुसार शेडिंग करें। इससे आपका चित्र अधिक जीवंत लगेगा और चेहरे की बनावट भी स्पष्ट होगी। शेडिंग का सही उपयोग आपके पोर्ट्रेट को अधिक वास्तविक और आकर्षक बनाएगा, जिससे देखने वाले को एक अलग ही अनुभव मिलेगा।



## बारीकियों पर ध्यान दें

बारीकियों पर ध्यान देना बहुत अहम है क्योंकि यह आपके चित्र को और भी वास्तविक बनाता है। जैसे कि भौंहें, पलकें, होंठ आदि को बारीकी से चित्रित करें। सही बारीकियां आपके चित्र को अधिक गहराई और कलात्मकता प्रदान करता है। इसके लिए आप बारीक पेंसिल का उपयोग कर सकते हैं और बारीकियों को ध्यान से देख सकते हैं। यह आपके चित्र को और भी आकर्षक बनाएगा और देखने वाले को एक अलग ही अनुभव देगा।

**रंगों का चयन सोच-समझकर करें** : रंगों का चयन करते समय सोच-समझकर करें ताकि आपके चित्र में प्राकृतिकता बनी रहे। त्वचा के रंग, बालों की बनावट और आंखों की चमक को ध्यान में रखते हुए रंगों का चयन करें। प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने से आपका पोर्ट्रेट अधिक वास्तविक लगेगा और देखने वाले को एक अलग ही अनुभव मिलेगा। इसके अलावा रंगों का सही मेल आपके चित्र को और भी आकर्षक बनाएगा, जिससे आपका पोर्ट्रेट और भी जीवंत और सुंदर दिखेगा।

# बारिश के मौसम में सुरक्षित यात्रा के लिए करें इन टिप्स का पालन, आरामदायक होगा सफर

## सही स्थान का चयन करें

बरसात के मौसम में यात्रा करना रोमांचक होता है, क्योंकि हमें खूबसूरत प्राकृतिक नजारे देखने को मिलते हैं। हालांकि, अगर इस मौसम में घूमने के लिए सही जगह न चुनी जाए तो छुट्टियां बरबाद भी हो सकती हैं। अगर आपको भारी बारिश पसंद नहीं है तो ऐसी जगह जाएं, जहां कम बारिश होती है। इस मौसम में कूर्ग, मुन्नार, वायनाड, मेघालय, शिलांग और चेरापूंजी जैसे हिल स्टेशन जाना सबसे बढ़िया रहता है।


## ज्यादा सामान पैक करके न ले जाएं

मानसून में किसी भी समय बारिश हो सकती है और इस दौरान सामान से भरे बैग उठाना मुश्किल हो जाता है। अगर थोड़ी भी ऊंच-नीच हुई तो आप गिर सकते हैं या चोट खा सकते हैं। ऐसे में आपको बरसात के मौसम में यात्रा करते हुए कम सामान लेकर जाना चाहिए और पिट्ठू बैग का विकल्प चुनना चाहिए। इस मौसम के लिए कॉटन या लिनन फैब्रिक से बने कपड़े सही रहते हैं, जो भीगने पर जल्दी सूख भी जाते हैं।



## वाटरप्रूफ सामान साथ रखें

बारिश में भीगने पर आप बीमार पड़ सकते हैं, आपका सामान खराब हो सकता है या सारे कपड़े गीले हो सकते हैं। ऐसे में आपको अपने साथ वाटरप्रूफ सामान लेकर जरूर जाना चाहिए। वाटरप्रूफ बैग में ही सामान रखें और अतिरिक्त सुरक्षा ले लिए उसपर प्लास्टिक चढ़ा दें। इसके अलावा, छतरी, बरसात वाले जूते और रेनकोट ले जाना न भूलें। मानसून के दौरान आपको ये कपड़े और एक्सेसरीज जरूर खरीदने चाहिए।












## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ज़ेरेड लेटो पर नौ महिलाओं ने यौन उत्पीड़न का लगाया आरोप



हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता जारेड लेटो पर कई महिलाओं ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। नौ महिलाओं का कहना है कि अभिनेता ने उनके साथ अश्लील व्यवहार किया है। कुछ महिलाओं का दावा है कि उत्पीड़न के वक्त वे नाबालिग थीं। उनके साथ यौन उत्पीड़न लंबे समय तक चलता रहा। एक महिला ने बताया, 'यह बात लंबे समय से सबको पता थी,' जारेड लेटो पर आरोप है कि उन्होंने एक 16 साल की लड़की से यौन संबंधी सवाल पूछे, एक 17 साल की लड़की के सामने बिना कपड़ों के आए और एक 18 साल की लड़की का हाथ गलत तरीके से अपने शरीर पर रखवाया। एक बयान में अभिनेता लेटो के प्रतिनिधि ने सभी आरोपों को साफ तौर पर झूठा बताया और इनकार किया। रिपोर्ट में शामिल आरोपों में मॉडल लॉरा ला रू का आरोप भी शामिल है। उन्होंने बताया कि 2008 में, जब वह 16 साल की थीं, तब एनिमल राइट्स कार्यक्रम को लेकर लेटो से उनकी मुलाकात हुई थी। उन्होंने ईमेल के जरिए भी बात की थी। इसके बाद लेटो ने उन्हें अपने स्टूडियो आने का न्योता दिया। लॉरा ला रू ने बताया कि वह अप्रैल 2009 में लेटो के स्टूडियो गई थीं, जहां उनके साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ हुई। उन्होंने बताया कि उनके बीच हुई बातचीत में कुछ भी गलत या अश्लील नहीं था।

### टॉलीवुड

## पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' 12 को होगी रिलीज



अभिनेता पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू'का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म को 12 जून को रिलीज किया जाना था, मगर ऐसा हो न सका। आखिरी वक्त में फिल्म की रिलीज पोस्टपोन हो गई। मेकर्स की तरफ से भी इसकी आधिकारिक सूचना दी गई। अब इस फिल्म की नई रिलीज डेट को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' की रिलीज डेट पोस्टपोन होने के बाद फैंस काफी निराश हैं। सभी की निगाहें फिल्म की नई रिलीज डेट के एलान पर टिकी हैं। फिल्म की नई रिलीज पर एक अपडेट आया है। तेलुगु 123 की एक रिपोर्ट क मुताबिक ऐसी रूमर्स हैं कि फिल्म जुलाई में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म के डिजिटल अधिकार रखने वाले प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो के मुताबिक फिल्म 18 जुलाई, 2025 को रिलीज हो सकती है। यानी अनुष्का शेट्टी की 'घाटी' के एक सप्ताह बाद। कृष जगरलामुडी द्वारा निर्देशित है फिल्म 'घाटी' 11 जुलाई को रिलीज होगी। इसके बाद 'हरि हर वीरा मल्लू' रिलीज हो सकती है। हालांकि, मेकर्स की तरफ से फिल्म की रिलीज को लेकर इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आधिकारिक तौर पर फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान अभी बाकी है। 'हरि हर वीरा मल्लू' का निर्देशन ए.एम. ज्योति कृष्णा और कृष जगरलामुदी ने किया है। यह एक एक्शन, एडवेंचर ड्रामा फिल्म है। पवन कल्याण के साथ फिल्म में निधि अग्रवाल लीड रोल में हैं। इनके अलावा इस फिल्म में बॉबी देओल विलेन के रोल में नजर आएंगे।

### भोजपुरी

## सिनेमाघरों के बाद अब ऑनलाइन गर्दा काट रही निरहुआ हिंदुस्तानी 4



भोजपुरी सुपरस्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे अभिनीत फिल्म 'निरहुआ हिंदुस्तानी 4' साल 2024 में थिएटर्स में रिलीज हुई। दर्शकों से इसे काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। कुछ दर्शक इस फिल्म की ऑनलाइन रिलीज के इंतजार में थे, जो पूरा हो गया है। इस फिल्म को निरहुआ म्यूजिक वर्ल्ड के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। यहां भी यह गर्दा काट रही है। 15 अगस्त 2024 को 'निरहुआ हिंदुस्तानी 4' यूपी-बिहार और झारखंड के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। कल रविवार 8 जून को इसे ऑनलाइन रिलीज किया गया है, जहां दर्शकों से इसे जबर्दस्त रेस्पॉन्स मिला है। रिलीज के एक दिन में ही फिल्म को अब तक 14 लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। दर्शकों से फिल्म को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और साथ ही 'निरहुआ हिंदुस्तानी 5' की डिमांड भी शुरू हो गई है। इस फिल्म का निर्देशन मंजुल ठाकुर ने किया है। प्रवेश लाल यादव और अभिषेक कुमार ने इसे प्रोड्यूस किया है। फिल्म में दिनेश लाल और आम्रपाली के अलावा सारा लॉकेट, ब्रिजेंद्र सिंह, अभिषेक कुमार, पारुल प्रिया,अमित शुक्ला और अयाज खान जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। आम्रपाली और दिनेश लाल की केमिस्ट्री फैंस को पसंद आई है। लोकप्रिय फ्रेंचाईजी की पहली कड़ी साल 2014 में रिलीज हुई थी। इसके बाद इसके तीन पार्ट आ चुके हैं। हर कड़ी में कहानी अलग देखने को मिली है। भोजपुरी इंडस्ट्री की यह सबसे सफल फ्रेंचईजी साबित हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनी 'निरहुआ हिंदुस्तानी 5' ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 6 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।

## लाइफ स्टाइल

### मोनोक्रोम लुक ने मचाई सनसनी

मलाइका अरोड़ा एक बार फिर अपने फैशन और ग्लैमर के जलवे बिखेरती नजर आईं, और इस बार उनका लुक इतना दमदार था कि लोग देखते ही रह गए। 51 साल की उम्र में मलाइका ने जो लुक कैरी किया, उसने एक बार फिर ये साबित कर दिया कि एज इज जस्ट ए नंबर। उनकी हालिया तस्वीर ने फैशन इंडस्ट्री और सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा बटोरी है। मलाइका ने एक बेहद स्टनिंग वाइट जर्सी ड्रेस पहनी हुई है, जो डिजाइन और प्रेजेंस दोनों में क्लास का परफेक्ट एग्जांपल है। ड्रेस की हाई नेकलाइन और साइड कट्स उनके टोन्ड शोल्डर और फिगर को खूबसूरती से हाइलाइट कर रहे थे। पूरी ड्रेस को ब्लैक सैश से बांधा गया था, जो सामने एक बड़े बो की शक्ल में था।



## स्वस्थ चमकदार त्वचा चाहते हैं तो .... इन तरीकों से बादाम के तेल का करें इस्तेमाल

बादाम का तेल एक प्राकृतिक उपाय है, जो त्वचा को चमकदार और मुलायम बनाने में मदद करता है। इसमें मौजूद विटामिन-E और एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा की नमी बनाए रखते हैं और उसे स्वस्थ रखते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और असरदार तरीके बताएंगे, जिनसे आप बादाम के तेल का इस्तेमाल करके अपनी त्वचा को चमकदार बना सकते हैं। इन उपायों को अपनाकर आप भी अपनी त्वचा की चमक बढ़ा सकते हैं।

**बादाम के तेल से हल्की मालिश करें :** बादाम के तेल से हल्की मालिश करना एक बेहतरीन तरीका है, जिससे आपकी त्वचा को नमी मिलती है और वह चमकदार दिखती है। इसके लिए आप रात को सोने से पहले अपने चेहरे और हाथ-पैरों पर हल्के हाथों से बादाम के तेल की मालिश करें। इससे खून का बहाव बढ़ता है और त्वचा की कोशिकाओं को पोषण मिलता है। इसके अलावा यह त्वचा को मुलायम बनाता है और उसे स्वस्थ रखता है।

**फेस मास्क बनाएं :** बादाम के तेल का फेस मास्क बनाना भी एक अच्छा उपाय हो सकता है, जिससे आपकी त्वचा को गहराई से पोषण मिलता है और वह चमकदार दिखती है। इसके लिए आप दो चम्मच बादाम के तेल में एक चम्मच शहद मिलाकर इसे अपने चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट तक छोड़ दें, फिर ठंडे पानी से धो लें। इस प्रक्रिया को हफ्ते में दो बार दोहराएं ताकि आपको बेहतर परिणाम मिल सके।



**आंखों के नीचे लगाएं :** आंखों के नीचे की त्वचा बहुत नाजुक होती है और जल्दी झुर्रियों का सामना कर सकती है। बादाम का तेल इसमें मदद करता है क्योंकि इसमें मौजूद विटामिन-ई झुर्रियों को कम करता है और आंखों के नीचे की सूजन को घटाता है। इसके लिए रोजाना रात को सोने से पहले अपनी उंगलियों पर थोड़ा-सा बादाम का तेल लेकर हल्के हाथों से आंखों के नीचे की त्वचा पर लगाएं और धीरे-धीरे मालिश करें।

### होंठों पर लगाएं

होंठों की त्वचा भी बहुत नाजुक होती है, जिसमें जल्दी सूखापन आ जाता है या फट जाते हैं। ऐसे में आप रात को सोने से पहले अपने होंठों पर थोड़ा-सा बादाम का तेल लगा सकते हैं, जिससे वे मुलायम बने रहते हैं और उनमें नमी बनी रहती है। इसके अलावा आप चाहें तो दिनभर भी अपने होंठों पर बादाम का तेल लगा सकते हैं, जिससे वे चमकदार दिखेंगे और स्वस्थ रहेंगे।

### स्क्रब बनाएं

गंदगी और मृत त्वचा हटाने के लिए आप बादाम के तेल का स्क्रब बना सकते हैं। इसके लिए एक चम्मच बादाम के तेल में दो चम्मच चीनी मिलाकर हल्के हाथों से अपने चेहरे पर घिसें, फिर ठंडे पानी से धो लें। यह स्क्रब आपकी त्वचा को साफ करेगा, जिससे आपकी त्वचा चमकदार दिखेगी और मुलायम बनेगी। इस प्रक्रिया को हफ्ते में एक बार दोहराएं ताकि आपको बेहतर परिणाम मिल सके।

## बोहो लुक क्रिएट करने कुछ खास बातों का रखें ध्यान, मिलेगा स्टाइलिश लुक

फैशन



बोहो लुक एक ऐसा फैशन है, जो आरामदायक और स्टाइलिश दोनों होता है। यह लुक हिप्पी संस्कृति से प्रेरित है और इसमें रंग-बिरंगे कपड़े, मोटी फैशन एक्सेसरीज और प्राकृतिक चीजों का उपयोग होता है। अगर आप भी बोहो लुक अपनाना चाहते हैं तो इन टिप्स की मदद से आप अपने स्टाइल को और भी खास बना सकते हैं। इन टिप्स से आप अपने रोजमर्रा की जिंदगी में आराम और सुंदरता का संतुलन बना सकते हैं।

**रंग-बिरंगे कपड़े चुनें :** बोहो लुक में रंगों का बड़ा महत्व होता है। इसमें आपको हल्के रंगों की बजाय गहरे और चमकीले रंगों का चयन करना चाहिए, जैसे कि लाल, हरा, नीला और पीला आदि रंग इस लुक को खास बनाते हैं। आप इन रंगों के कपड़ों को मिलाकर पहन सकते हैं या एक ही रंग के अलग-अलग शेड्स को मिलाकर भी एक आकर्षक लुक पा सकते हैं। इस तरह के रंग आपके व्यक्तित्व को और भी निखार देंगे।

**फूलों के प्रिंट्स का करें इस्तेमाल :** फूलों के प्रिंट्स बोहो लुक का एक अहम हिस्सा होते हैं। ये प्रिंट्स न केवल देखने में अच्छे लगते हैं बल्कि इन्हें पहनने से भी आरामदायक महसूस होता है। आप फूलों के प्रिंट्स वाली ड्रेस, स्कर्ट या कुर्ता पहन सकते हैं। इसके अलावा फूलों के प्रिंट्स वाली साड़ी भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इस तरह के प्रिंट्स आपके लुक को और भी खास बना सकते हैं और आपको एक ताजगी भरा एहसास दिलाते हैं।

**मोटी फैशन एक्सेसरीज का करें चयन :** बोहो लुक में मोटी फैशन एक्सेसरीज का उपयोग किया जाता है। आप बड़े झुमके, चेन, कंगन और नेकलेस आदि पहन सकती हैं, जो आपके पूरे लुक को पूरा करेंगे। इन फैशन एक्सेसरीज को पहनकर आप अपने व्यक्तित्व को और भी निखार सकते हैं। इसके अलावा रंग-बिरंगी एक्सेसरीज भी इस लुक को खास बनाते हैं। मोटी फैशन एक्सेसरीज पहनने से आपका लुक और भी आकर्षक और स्टाइलिश लगेगा, जिससे आप हर मौके पर अलग दिखेंगी।

**कपड़ों की लेयरिंग करें :** बोहो लुक में कपड़ों की लेयरिंग करना आम बात होती है। आप टी-शर्ट के ऊपर बोहो स्टाइल जैकेट पहन सकती हैं, साथ ही स्कर्ट या पैंट्स के साथ लंबी कुर्ती भी अच्छी लगती है। लेयरिंग कपड़े पहनने से आपका लुक और भी खास बनता है और आप हर मौके पर अलग दिखते हैं। इस तरह के कपड़े न केवल स्टाइलिश लगते हैं बल्कि इन्हें पहनना आरामदायक भी होता है, जिससे आप पूरे दिन आत्मविश्वास महसूस करेंगे।

## स्टाइलिश व आरामदायक परिधान कुर्ती की स्टाइलिश डिजाइनें जो होना चाहिए हर महिला

कुर्ती महिलाओं के लिए एक जरूरी परिधान है, जो न केवल पारंपरिक है, बल्कि आधुनिकता का भी प्रतीक है। बाजार में कई तरह की कुर्तियां उपलब्ध हैं, जिनमें से हर एक का अपना एक अलग स्टाइल और डिजाइन है। इस लेख में हम आपको कुर्ती के पांच अलग-अलग प्रकारों के बारे में बताएंगे, जो हर महिला की अलमारी में होने चाहिए ताकि वे हर मौके पर स्टाइलिश और आरामदायक महसूस करें।

**अनारकली कुर्ती :** अनारकली कुर्ती एक बहुत ही लोकप्रिय और पारंपरिक कुर्ती स्टाइल है, जो अपने घेरदार डिजाइन के कारण खास होती है। यह कुर्ती आमतौर पर घुटने के नीचे तक लंबी होती है और इसे प्लाजो या चूड़ीदार पैंट्स के साथ पहना जा सकता है। अनारकली कुर्ती में कढ़ाई, शीशे का काम या स्टोन का इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे यह और भी आकर्षक लगती है। यह हर खास मौके पर पहनने के लिए आदर्श है।



**स्ट्रेट कट कुर्ती :** स्ट्रेट कट कुर्ती उन महिलाओं के लिए बेहतरीन विकल्प है, जो सरलता पसंद करती हैं। यह कुर्ती कंधे से लेकर कमर तक सीधी होती है और नीचे की ओर हल्का सा फैलाव होता है। इसे जींस, प्लाजो या किसी भी प्रकार के बॉटम वियर के साथ पहना जा सकता है। स्ट्रेट कट कुर्ती आमतौर पर रोजमर्रा के उपयोग के लिए उपयुक्त होती है और इसे किसी भी अवसर पर पहना जा सकता है।

**शॉर्ट कुर्ती :** शॉर्ट कुर्ती आजकल बहुत चलन में हैं और खासकर युवा पीढ़ी में ये बेहद लोकप्रिय हैं। शॉर्ट कुर्ती को जींस या लेगिंग्स के साथ पहना जा सकता है, जिससे एक आधुनिक लुक मिलता है। ये कुर्तियां न केवल आरामदायक होती हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखती हैं। शॉर्ट कुर्ती में कई तरह के प्रिंट्स और पैटर्न उपलब्ध होते हैं, जिन्हें आप अपनी पसंद के अनुसार चुन सकती हैं।

## डेनिम ड्रेस के साथ पहनें फैशनेबल एक्सेसरीज दिखेंगी बहुत आकर्षक व खूबसूरत

डेनिम ड्रेस हर महिला की अलमारी का जरूरी हिस्सा होती है। यह न केवल आरामदायक होती है, बल्कि स्टाइलिश भी लगती है। डेनिम ड्रेस को सही एक्सेसरीज के साथ पहनने से आपका लुक और भी खास बन सकता है। सही एक्सेसरीज का चयन आपके पूरे लुक को निखार सकता है और आपको आत्मविश्वास से भरपूर महसूस करवा सकता है। आइए जानते हैं कि डेनिम ड्रेस के साथ कौन-कौन सी एक्सेसरीज पहननी चाहिए।

**बेल्ट का उपयोग करें :** बेल्ट डेनिम ड्रेस को एक नया अंदाज देती है। अगर आपकी डेनिम ड्रेस थोड़ी ढीली है तो एक पतली या मोटी बेल्ट पहनकर इसे फिट करें। इससे आपकी कमर की शेप उभरकर आएगी और आपको एक स्मार्ट लुक मिलेगा। इसके अलावा बेल्ट आपके लुक को और भी खास बना सकती है। यह न केवल आपके स्टाइल को बढ़ाती है बल्कि आपको आरामदायक भी महसूस कराती है।



**हैंडबैग चुनें :** एक अच्छा हैंडबैग आपके पूरे लुक को पूरा कर सकता है। डेनिम ड्रेस के साथ एक चमड़े का हैंडबैग या फिर एक बड़ा टोट बैग अच्छा लगता है। यह न केवल स्टाइलिश दिखता है बल्कि इसमें आपकी सभी जरूरत की चीजें भी समा जाती हैं। आप चाहें तो रंग-बिरंगे हैंडबैग्स का भी चुनाव कर सकती हैं, जो आपके लुक को और भी खास बना देंगे। इसके अलावा आप छोटे क्लच बैग्स का भी चयन कर सकती हैं।

**कानों में स्टड्स पहनें :** स्टड्स हर तरह के कपड़ों के साथ अच्छे लगते हैं, खासकर डेनिम ड्रेस के साथ। बड़े आकार के स्टड्स आपके चेहरे को आकर्षक बनाते हैं और आपके पूरे लुक को निखारते हैं। आप चाहें तो रंग-बिरंगे या फिर ऑक्सीडाइज स्टड्स का भी चयन कर सकती हैं, जो आपके लुक को और भी खास बना देंगे। इसके अलावा आप छोटे स्टड्स भी चुन सकती हैं, जो आपके कानों को सजाएंगे और आपको एक स्मार्ट लुक देंगे।

कार्नर न्यूज

### फोटो फ्रेम्स को प्राकृतिक रूप देगा और उन्हें और भी आकर्षक बनाएगा

## यादों को संजोने ओरिगामी आर्ट से फोटो फ्रेम इस तरीके से सजाएं, शो-केस लगेगा बेहतरीन

फोटो फ्रेम्स का इस्तेमाल यादों को संजोने के लिए किया जाता है। अगर आप अपने फोटो फ्रेम्स को और भी खास बनाना चाहते हैं तो ओरिगामी आर्ट एक बेहतरीन तरीका हो सकता है। इस कला के माध्यम से आप अपने फोटो फ्रेम्स को अनोखा और आकर्षक बना सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी टिप्स देंगे, जिनसे आप अपने फोटो फ्रेम्स को ओरिगामी आर्ट से सजा सकते हैं।



### रंग-बिरंगे कागज के फूलों से सजाएं

ओरिगामी कागज के फूल बनाकर आप अपने फोटो फ्रेम्स को बहुत ही खूबसूरत बना सकते हैं। इसके लिए अलग-अलग रंगों के कागज लें और उन्हें फूलों का आकार दें। अब इन फूलों को अपने फोटो फ्रेम्स पर गोंद से चिपका दें। आप चाहें तो इन्हें फ्रेम के किनारों पर भी लगा सकते हैं, जिससे पूरा फ्रेम जीवंत और आकर्षक लगेगा।

### पत्तियों से करें सजावट

ओरिगामी पत्तियां बनाकर आप अपने फोटो फ्रेम्स को एक नई पहचान दे सकते हैं। इसके लिए हरे रंग के कागज का उपयोग करें और उन्हें पत्तियों का आकार दें। अब इन पत्तियों को अपने फोटो फ्रेम्स पर अलग-अलग जगहों पर गोंद से चिपकाएं। यह तरीका आपके फोटो फ्रेम्स को प्राकृतिक रूप देगा और उन्हें और भी आकर्षक बनाएगा। आप चाहें तो अलग-अलग आकार और रंग की पत्तियों का उपयोग करके एक अनोखा डिजाइन बना सकते हैं।

### जानवरों के आकार बनाएं

अगर आपके घर में बच्चे हैं तो उनके साथ मिलकर ओरिगामी जानवरों के आकार बनाना मजेदार हो सकता है। इसके लिए काले, सफेद या भूरे रंग के कागज का उपयोग करें और उन्हें काटकर जानवरों का आकार दें जैसे कि कुत्ता, बिल्ली, हिरण आदि। अब इन जानवरों को अपने फोटो फ्रेम्स पर गोंद से चिपकाएं।

**रंगीन पट्टियों से करें सजावट :** ओरिगामी पट्टियां बनाकर आप अपने फोटो फ्रेम्स को एक नया रूप दे सकते हैं। इसके लिए अलग-अलग रंगों की पट्टियां बनाएं और उन्हें एक साथ जोड़कर एक आकर्षक डिजाइन तैयार करें। अब इस डिजाइन को अपने फोटो फ्रेम्स पर गोंद से चिपकाएं।



### मोजेक डिजाइन बनाएं

अगर आप कुछ नया आजमाना चाहते हैं तो ओरिगामी मोजेक डिजाइन आजमाएं। इसके लिए छोटे-छोटे टुकड़ों में अलग-अलग रंगों वाले कागज काटें और उन्हें एक साथ जोड़कर मोजेक डिजाइन तैयार करें। अब इस डिजाइन को अपने फोटो फ्रेम्स पर गोंद से चिपकाएं। यह तरीका आपके फोटो फ्रेम्स को बहुत ही आकर्षक बनाएगा और उन्हें एक अनोखा लुक देगा। इस तरह आप ओरिगामी आर्ट का उपयोग करके अपने फोटो फ्रेम्स को सजा सकते हैं।